


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल







ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 60 | ग्वालियर गुरुवार 8 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति ने संभावित चक्रवाती तूफान की तैयारियों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) की बैठक में बंगाल की खाड़ी में संभावित चक्रवाती तूफान से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने तमिलनाडु के लिए पांच और पुडुचेरी के लिए तीन टीम उपलब्ध कराई है। बयान के अनुसार, एनसीएमसी ने बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने वाले संभावित चक्रवाती तूफान पर केन्द्रीय मंत्रालयों, एजेंसियों और राज्यों तथा संघ शासित प्रदेशों की सरकारों की तैयारियों की समीक्षा की। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक ने एनसीएमसी को मौसम के मौजूदा हाल के बारे में बताया और कहा कि उसके पश्चिम-उत्तर/पश्चिम की ओर बढ़ने और शाम तक बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में कम दबाव का क्षेत्र बनाने की संभावना है। बयान के अनुसार, शाम के बाद उसके पश्चिम-उत्तर/पश्चिम की ओर बढ़ते रहने और ज्यादा मजबूत होने के साथ ही बुधवार को चक्रवाती तूफान का रूप लेने तथा दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंचने की संभावना है। इसके 8 दिसंबर को उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश तक पहुंचने की संभावना है। आगे भी यह पश्चिम-उत्तर/पश्चिम की ओर बढ़ता रहेगा और अगले 48 घंटों में उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तथा दक्षिण आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ेगा। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के मुख्य सचिवों और पुडुचेरी के वरिष्ठ अधिकारियों ने एनसीएमसी को चक्रवाती तूफान से निपटने और इस दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों के बारे में बताया। बयान के अनुसार, एनडीआरएफ ने राज्यों के अनुरोध के अनुरुप तमिलनाडु के लिए पांच टीम और पुडुचेरी के लिए तीन टीम उपलब्ध करायी है। बयान में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश के लिए भी टीम तैयार रखी गई है और मांग होते ही उसे उपलब्ध करा दी जाएगी।

### विज्ञापनों में कमजोर बच्चों को दयनीय स्थिति में न दिखाएं एनजीओः एनसीपीसीआर

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) से कहा है कि वे धन जुटाने के लिए अपने विज्ञापनों में ''कमजोर बच्चों को दयनीय स्थिति'' में न दिखाएं। आयोग ने गैर-सरकारी संगठनों को जारी एक नोटिस में कहा कि एक सांसद ने आयोग के समक्ष चिंता जताई है कि विभिन्न गैर-सरकारी संगठन ÷कमजोर बच्चों को दयनीय स्थिति में÷ दिखाकर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय- प्रिंट मीडिया, समाचार चैनलों, वेबसाइट तथा सोशल मीडिया पर विज्ञापनों के माध्यम से धन जुटा रहे हैं। बाल अधिकार इकाई ने कहा, ''उक्त संबंध में आयोग का मानना है कि इस तरह की गतिविधियां बाल अधिकारों का उल्लंघन हैं, जो किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन है।''आयोग ने एनजीओ से कहा कि वे धन जुटाने के लिए अपने विज्ञापनों में ''कमजोर बच्चों को दयनीय स्थिति'' में दिखाने से बचें।

### रिजर्व बैंक आज करेगा नई ब्याज दरों का एलान, जेब पर क्या होगा असर

**नई दिल्ली।** आरबीआई की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की घोषणा आज हो जाएगी. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास आज मौद्रिक नीति समिति के नतीजों का एलान करेंगे और रेपो रेट बढ़ाया



गया है या नहीं, इस सवाल का जवाब मिल जाएगा. अधिकांश जानकार रेपो रेट को लेकर अपना अनुमान जता रहे हैं कि इसमें 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है और आम जनता के लिए उनके लोन की ईएमआई का बोझ और बढ़ सकता है. इसके अलावा पॉलिसी के बाद आरबीआई गवर्नर की प्रेस कॉन्फ्रेंस भी देख सकते हैं जिसे दोपहर 12 बजे यूट्यूब पर लाइव प्रसारित किया जाएगा. इसके लिए आप यहां बताए गए लिंक पर क्लिक करना होगा. अगर आरबीआई आज ब्याज दरों के बढ़ाने पर फैसला लेते हुए रेपो रेट 0.35 फीसदी या 35 बेसिस पॉइंट बढ़ा देता है तो आपके लोन की ईएमआई में भी अच्छा इजाफा देखा जा सकता है. रेपो रेट इस समय 5.90 फीसदी पर है और अगर इसमें 0.35 फीसदी का इजाफा हो जाता है तो ये बढ़कर 6.25 फीसदी पर आ जाएगी. रिजर्व बैंक के गवर्नर इसी मॉनिटरी पॉलिसी में चालू वित्त वर्ष और आगामी समय के महंगाई दर के आंकड़ों का भी अनुमान जारी करेगा. इसको लेकर भी वित्तीय जगत के जानकार और आम जनता की नजर रहेगी.

## राजस्थान के कोटा से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों राजस्थान में है. सियासी बवाल के बीच यहां जोरों-शोरों से कांग्रेस यात्रा कर रही है. आज (7 दिसंबर) को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यात्रा की शुरुआत राजस्थान के कोटा से की. दरा स्टेशन से यात्रा को शुरू हुई. इस दौरान लोगों की भारी भीड़ नजर आई. कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कि बिना गणपति को याद किए किसी भी काम की शुरुआत नहीं की जा सकती. इसी को देखते हुए भारत जोड़ो यात्रा कोटा में दरा स्टेशन के गणेश मंदिर से शुरू होकर केबल नगर तक जाएगी. कांग्रेस का कहना है कि चाहे लाख मुश्किल क्यों न आए जाए वह भारत जोड़ेंगे. भारत जोड़ो यात्रा 10 बजे तक अकलंग पब्लिक स्कूल मंडाना पहुंचेगी, जहां



थोड़ी देर के लिए सभी लोग आराम करेंगे. इसके बाद 3.30 बजे फिर से यात्रा को मांदल्या रोड मंडाना से शुरू किया जाएगा. शाम 6.30 बजे यात्रा केबल नगर कोटा पहुंचेगी, जहां यात्रा को विश्राम दिया जाएगा. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है. 8 दिसंबर को जगपुरा से शुरू होने वाली यात्रा अब अनंतपुरा एंट्री गेट से शुरू होगी. अनंतपुरा से यात्रा को लेकर बने भारत जोड़ो सेतू होते हुए शहर के यात्रा मार्ग से रंगपुर चौराहा पहुंचेगी. नयापुरा उम्मेद सिंह स्टेडियम में यात्रा के लंच का प्रोग्राम भी रद्द कर दिया गया है. यात्रा नॉन स्टॉप 24 किलोमीटर का सफर तय करने वाली है. चुनावी नतीजों और दिल्ली जाने के कार्यक्रम की वजह से यात्रा में बदलाव हुआ है.

**राजस्थान में यात्रा**-कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा अगले दो हफ्तों तक राजस्थान में रहेगी. यहां यात्रा कुल 7 जिलों को कवर करेगी और कुल 520 किमी तक यह यात्रा की जाएगी. दौसा में 13 दिसंबर से 16 दिसंबर तक यात्रा रहेगी.

## पार्क में बुजुर्ग कपल के बीच दिखा बेइंतहां प्यार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर कभी-कभी कुछ प्यार भरे वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आते हैं. जिन्हें देख यूजर्स एकटक उन्हें निहारते रहते हैं. कहा जाता है कि प्यार करने की कोई उम्र नहीं होती है, यह किसी भी उम्र में हो सकता



है. वहीं सच्चा प्यार करने वाले इंसान जिंदगी के हर पड़ाव में एक दूसरे का साथ देते हैं. हाल ही में एक प्यारा सा वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. जिसमें इस बात को सच होते देखा जा रहा है. अक्सर हमें सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे वीडियो को देखने को मिल ही जाते हैं जो पल भर में यूजर्स का दिल चुरा लेते हैं. हाल ही में सामने आए वीडियो को देख भी यूजर्स अपना दिल हारते देखे जा रहे हैं. वीडियो में एक बुजुर्ग कपल को देखा जा सकता है, जो की पार्क में बने जिम पर एक्सरसाइज करते नजर आ रहा है. जिसे देख हर कोई एकटक उन्हें ही निहार रहा है. वायरल हो रही वीडियो को सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा है. इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को सनी टिपरे नाम के एक शख्स ने शेयर किया है. इस वीडियो में पार्क में बनी ओपन जिम में एक बुजुर्ग कपल एक्सरसाइज करते नजर आ रहा है. इसमें एक बुजुर्ग महिला बैठी नजर आ रही है तो वहीं उसका पति अपनी पूरी ताकत लगाकर पत्नी को एक्सरसाइज मशीन पर झुला रहा है. वीडियो के सोशल मीडिया पर सामने आते ही यह तेजी से वायरल हो रही है. खबर लिखे जाने तक वीडियो को 3.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज और 4 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल गए हैं. वीडियो को देख यूजर्स इस पर अपने रिएक्शन करते हुए कमेंट करते नजर आ रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा हमेशा इनका साथ ऐसे ही बना रहे, भगवान आप दोनों का भला करे. एक अन्य ने लिखा प्यार की कोई उम्र नहीं होती. एक दूसरे यूजर ने लिखा और यहां मैं पिघल गया.

## अमेरिका ने नाटो सहयोगी पोलैंड को अब्राम टैंक की बिक्री की मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के अपने सहयोगी पोलैंड को करीब चार अरब डॉलर के उन्नत टैंक, अन्य लड़ाकू वाहनों और हथियारों की बिक्री को मंगलवार को मंजूरी दे दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, उसने पोलैंड को 116 एम1ए1 अब्राम युद्धक टैंक और अन्य उपकरण खरीदने की अनुमति दी गई है, जिसमें लगभग 3.75 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के विभिन्न गोला-बारूद शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि उसने सहयोगी देश दक्षिण कोरिया को 1.5 अरब अमेरीकी डॉलर के चिनूक हेलीकॉप्टर की बिक्री को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंजूरी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के तहत दी गई है। इससे रूस तथा उत्तर कोरिया से खतरों का सामना कर रहे किसी भी क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पोलैंड द्वारा अब्राम टैंक की खरीद ''नाटो सहयोगी की सुरक्षा में सुधार करके अमेरिका की विदेश नीति के लक्ष्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी, जो यूरोप में राजनीतिक स्थिरता व आर्थिक प्रगति के लिए सहायक है।''

## एग्जिट पोल में सरकार भले ही बनाए बीजेपी, लेकिन अच्छे संकेत भी नहीं

**नई दिल्ली।** गुजरात में कल यानी 5 दिसंबर को दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग पूरी हो गई. एग्जिट पोल के मुताबिक गुजरात में एक बार फिर बीजेपी की सरकार बनने की संभावना है. गुजरात-हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव और 5 राज्यों की 7 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के नतीजे आठ दिसंबर को आएंगे. एग्जिट पोल के मुताबिक गुजरात विधानसभा की 182 सीट पर भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाने के लिए एक बार फिर से तैयार है. हालांकि पार्टी भले ही सरकार बनाने में कामयाब होती नजर आ रही है लेकिन पहली बार गुजरात के चुनावी मैदान में उतरी आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. एग्जिट पोल के मुताबिक आप इस राज्य में बीजेपी को भले ही मात नहीं दे सकी, लेकिन कांग्रेस का वोट काटकर विपक्षी पार्टी के रूप में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराने में सफल होती दिख रही है और यह बीजेपी-



कांग्रेस दोनों के लिए अच्छे संकेत नहीं है. एबीपी सी-वोटर के एग्जिट पोल के अनुसार अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप पार्टी को गुजरात में 15 प्रतिशत वोट मिल सकता है. पार्टी अगर 15 प्रतिशत वोट अपने नाम करती है तो इसमें 10 फीसदी कांग्रेस के वोटर और साढ़े 3 प्रतिशत बीजेपी के वोटर आम आदमी पार्टी के पाले में चले गए. एग्जिट पोल के अनुसार आप को अगर सिंगल डिजिट में भी सीटें मिलती हैं तो इसका मतलब होगा कि आप पार्टी बीजेपी के गढ़ में पहली बार सेंध लगा रही है. एबीपी सी-वोटर के एग्जिट पोल के अनुसार राज्य में बीजेपी को 49 प्रतिशत वोट मिले हैं, वहीं कांग्रेस को 33 फीसदी और आम आदमी पार्टी को 15 प्रतिशत वोट मिले हैं. वहीं अन्य को 3 फीसदी वोट शेयर मिल रहा है. पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 77 सीटें मिली थीं, जो इस बार 16-30 सीटों पर सिमटती दिख रही है. जिसका मतलब है कि कांग्रेस के वोटरों ने इस बार आम आदमी पार्टी को वोट दिया है.

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से होगा शुरू, सरकार पेश करेगी ये 16 नए बिल

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होने जा रहा है, जो 29 दिसंबर तक चलेगा। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावों के चलते सत्र इस बार देर से शुरू हुआ है। माना जा रहा है कि सत्र पर चुनावी नतीजों का साया भी दिखेगा। इस दौरान संसद की 17 बैठकों आयोजित की जाएंगी। सरकार की ओर से 16 नए बिल पेश किए जाएंगे, जबकि सत्र की समाप्ति से पहले सरकार की योजना 23 बिलों को पास कराने की है। सरकार ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें सदन चलाने को लेकर विपक्ष सहित सभी दलों से सहयोगी की अपील की। बैठक में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, बीजेडी, आप सहित 31 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद थे। सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री और लोकसभा के उपनेता राजनाथ सिंह ने सदन के सुचारू कामकाज संचालित होने के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा।

बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का कहना था कि हम मांग करेंगे कि बहु-राज्यीय सहकारी समितियां (संशोधन) बिल और वन (संरक्षण) संशोधन बिल को संसद की स्थायी समिति को भेजा जाए। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार ने विभिन्न दलों के सदन के नेताओं के साथ सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें शुरू में ही बता दिया कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से



नियमों के तहत उनके उठाए मुद्दों पर चर्चा कराने को सत्ता पक्ष तैयार है। सूत्रों के दौरान बैठक में जोशी ने सरकार के विधायी कामकाज का ब्योरा रखा और बिलों को पारित कराने में विपक्ष का सहयोग मांगा। बैठक में कांग्रेस और टीएमसी नेताओं ने जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाया तो आप, एनसीपी सहित कुछ दलों ने इसका समर्थन किया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बिजनेस अडवाइजरी कमिटी की मीटिंग में सभी दलों से अपील की कि सदन को सुचारू रूप से चलाया जाए। सत्र के दौरान सरकार की कोशिश एक दर्जन से अधिक बिलों को पारित कराने और अनुदान की अनुपूरक मांगों को पारित कराने की रहेगी। इनमें लोकसभा से पास हो चुके और राज्यसभा में लंबित चार बिल भी हैं। राज्यसभा में ऐसे तीन बिल और भी आ सकते हैं, जिनकी रिपोर्ट सदन में पेश हो चुकी है। वहीं बिजली संशोधन बिल, टेलिकॉम बिल और डेटा प्रोटेक्शन बिल जैसे तीन अहम बिल फिलहाल संसदीय समितियों के सामने विचारार्थ हैं, इनकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। सरकार की कोशिश इन्हें भी सदन में लाने की रहेगी। इस बार सदन में आने वाले अहम बिलों में बहु-राज्यीय सहकारी समितियों में जवाबदेही बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में सुधार से संबंधित बिल, वन संरक्षण और संशोधन बिल, राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग बिल और राष्ट्रीय नर्सिंग आयोग संबंधी बिल भी शामिल हैं।

**सत्र के दौरान ये होंगे विपक्ष के मुद्दे**-सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने साफ कर दिया कि महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी एजेंसियों के कथित दुरुपयोग, सीमा पर तनाव, ईडब्लूयएस आरक्षण और साइबर क्राइम जैसे अहम मुद्दों को सदन में उठाएगा। विपक्ष के तेवर से लगता है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगी सीमा की स्थिति और जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के मुद्दे पर सदन में टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। अधीर रंजन चौधरी का कहना था कि चीन से लगी सीमा पर स्थिति के बारे में हमें सही ढंग से जानकारी नहीं दी जा रही है। विपक्ष चाहता है कि सत्र के दौरान इस विषय पर भी चर्चा हो। चौधरी का कहना था कि देश में आज मुद्दे ही मुद्दे हैं और विपक्ष सदन में चर्चा और सिर्फ चर्चा करना चाहता है। ऐसे में चर्चा के लिये पर्याप्त समय देकर सरकार को सदन में कामकाज का माहौल तैयार करना चाहिए। बीजेडी की ओर महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर अपने सरोकार सामने रखे गए। वहीं कांग्रेस और आप जैसे दल किसानों से जुड़े मुद्दे को भी उठाना चाहते हैं।

**सत्र से पहले टकराव**-संसद सत्र शुरु होने से पहले सरकार और विपक्ष में उस समय टकराव होता दिखा, जब कांग्रेस ने क्रिसमस की छुट्टियों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की।

**बेटी की हत्या**

## भारत कई धर्मों के लोगों का घर हैः अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत कई धर्मों के लोगों का घर है और वह सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भारत को अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा। अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति के लिए चीन, पाकिस्तान और म्यांमा सहित 12 देशों को ''विशेष चिंताजनक देश'' घोषित किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया भर में सरकारें और गैर-सरकारी ताकतें लोगों को उनके धर्म के आधार पर परेशान करती हैं, धमकाती हैं, जेल भेजती हैं और यहां तक कि कई बार उनकी हत्या भी की जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने पत्रकारों से कहा, '' यकीनन भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वहां कई धर्म के लोग एकसाथ रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर हमारी वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई कुछ चिंताओं पर हमने भारत के संदर्भ में संज्ञान लिया। हम सभी देशों में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति पर करीब से नजर रखना जारी रखेंगे और इसमें भारत भी शामिल है।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन भारत सरकार को सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

**सिनेमा हॉल की तैयारी**

## गांवों में 2023 तक 500 सिनेमा हॉल खोलने की तैयारी में क्यों है सरकार?

**नई दिल्ली।** साल 2023 में भारत के ग्रामीण इलाके के लोग अपने गांव में ही सिनेमा का आनंद ले पाएंगे. सरकार ने इस दिशा में कदम आगे बढ़ाया. आने वाले साल में गांवों में सरकार सीएससी के जरिए सिनेमा हॉल खोलने जा रही है. ये केवल सिनेमा हॉल नहीं बल्कि गांवों में छोटे कारोबारियों को प्रोत्साहित करने का एक तरीका भी है. इस तरह से देश की सरकार एक पंथ दो काज करने वाली कहावत को अमलीजामा पहना रही है. कॉमन सर्विस सेंटर -सीएससी ने सोमवार को ऐलान किया है कि मार्च 2023 तक वो गांवों में 500 सिनेमा हॉल खोलने जा रहा है. भारत की सीएससी ई गवर्नेंस सर्विस ने इसके लिए अक्टूबर सिनेमाज के साथ एक समझौता पत्र पर साइन किए हैं. इसका मकसद ग्रामीण इलाकों में एक लाख स्मॉल मूवी थियेटर खोलने का है. ये सिनेमा हॉल वहां केवल मनोरंजन के लिए ही नहीं खोले जा रहे बल्कि इसका मकसद गांवों की अर्थव्यवस्था में रफ्तार लाना भी है. साल 2023 के आखिर तक भारत में 1500 सिनेमा हॉल काम करेंगे. इसमें 100 से 200 लोगों के बैठने की क्षमता होगी. ये गांवों में सीएससी की गतिविधियों के लिए हब के तौर पर काम करेंगे. इस नई पहल को लेकर सीएससी के मैनेजिंग डायरेक्टरसंजय कुमार राकेश ने कहा,÷गांवों में सिनेमा हॉल खोलने का विचार अभी भी नया है. इसका मकसद 100 सीटों की क्षमता वाले छोटे सिनेमा हॉल खोलने का है. सीएससी सिनेमा हॉल्स हमारे गांवों के कारोबारियों यानी वीएलई के लिए नए रास्ते खोलेंगे.

**बेटी की हत्या**

## बिमान बोस का ममता बनर्जी पर तंज, अजमेर और पुष्कर दौरे को लेकर कही ये बात

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अजमेर शरीफ दौरे को लेकर लेफ्ट फ्रंट ने तंज कसा है. वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने सीएम ममता बनर्जी पर हमला बोलते हुए कहा कि अजमेर और पुष्कर जाना अच्छी बात है लेकिन उन्हें सरोवर में स्नान कर अपने पाप भी धो लेने चाहिए थे. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को अजमेर शरीफ की दरगाह पहुंची थीं. मुख्यमंत्री ने ख्वाजा साहब की मजार



पर चादर चढ़ाते हुए दुआ मांगी थी. वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरते हुए कहा कि वो अजमेर गईं वहां चादर चढ़ाया, वे पुष्कर भी गईं. यह उन्होंने अच्छा काम किया लेकिन उन्हें और एक काम करना चाहिए था. जो लोग पाप करते हैं वे सरोवर में स्नान कर अपने पाप धोते हैं तो उन्हें सरोवर में स्नान कर अपने पाप धोने चाहिए थे.

**अजमेर और पुष्कर दौरे पर गई थी ममता**- पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी करीब 24 साल बाद मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर राजस्थान के अजमेर पहुंचीं थी. यहां उन्होंने गरीब नवाज दरगाह में जियारत कर मखमली चादर और अकीदत के फूलों का नजराना पेश किया. ममता बनर्जी ने टेंपल सिटी पुष्कर पहुंचकर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में भी दर्शन और पूजन किया.

**बेटी की हत्या**

## लापता बच्चे की पड़ोसी ने की हत्या मेरठ से मिला क्षत-विक्षत शवः पुलिस

***नयी दिल्ली।*** *पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में अपने घर से 30 नवंबर को लापता हुए तीन साल के एक बच्चे का कथित तौर पर उसके पड़ोसी ने अपहरण कर लिया और बाद में उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह दावा किया। उन्होंने बताया कि बच्चे का क्षत-विक्षत और सिर कटा शव मंगलवार सुबह उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक खेत से बरामद हुआ। शव के कुछ हिस्से जानवर खा गए थे। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि गिरफ्तार आरोपी ने बच्चे से कुकर्म करने के इरादे से उसका अपहरण किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही यह पता चलेगा कि बच्चे से कुकर्म किया गया, या नहीं। पुलिस ने बताया कि बच्चे के परिवार द्वारा दर्ज करायी गई एक प्राथमिकी में आरोपी की उम्र 16 साल है। हालांकि, उसके घर से बरामद दस्तावेजों में उसकी उम्र 18 साल से अधिक बतायी गयी है।*

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला बैठक संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना उज्जवला के तहत 10 करोड़ लोगों को लाभ मिल चुका है यह महिला हितेषी योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर विकास की गति से जोड़ने के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित किया है यह उद्गार उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा जिला इकाई द्वारा आयोजित होटल सम्राट में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया एवं अध्यक्षता मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा जैन ने की। जिला संगठन प्रभारी राजौरिया ने कहा कि मिशन 2023 के विधानसभा और 24 के लोकसभा चुनाव के लिए जिले के सभी 1480 मतदान केंद्रों पर महिला मोर्चा की संगठनात्मक ताकत को मजबूत करते हुए सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हमारी मातृ शक्ति करेगी और नीचे की अंतिम छोर तक की महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया चल रही है महिला मोर्चा की कार्यकर्ता प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के अपने-अपने बूथ केन्द्रों पर महिला मतदाताओं के नाम जुड़वाकर महिलाओं की ताकत को मजबूती प्रदान करें ताकि वे इस राष्ट और प्रदेश के विकास के लिए अपने मतदान के लिए आगे आ कर कार्य करें यह तब होगा जब हमारी महिला मोर्चा कार्यकर्ता भाजपा समर्पित महिला मतदाताओं के नाम पर अपनी भूमिका के साथ कार्य करेंगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जोकि कार्यकर्ता व्यक्ति नहीं



विचार भाव से काम करती है केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए विधानसभा से लेकर लोकसभा ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में 50त्न आरक्षण देकर उन्हें एक नेतृत्व प्रदान किया है यह सबसे बड़ी उपलब्धि हमारी सत्ता और संगठन की ताकत है जो हमारी बहनें आज चुनाव में निर्वाचित होकर समाज सेवा के लिए कार्य करती हुई विकास को आगे बढ़ाने का काम कर रही है केंद्र और राज्य सरकार की जितनी भी योजनाएं उन्हें हम जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और संगठनात्मक ताकत को गति देकर स्वतंत्र रूप से कार्य कर अपनी अहम भूमिका आगामी चुनाव में निभाए। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भदौरिया ने कहा हम सब बहने गर्व से कहें कि हम भाजपा की कार्यकर्ता है यह सम्मान भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है और एक गति से महिलाओं को हमारी सरकार ने नेतृत्व दिया है। हमारे संगठन की ताकत जब मजबूत होगी जब हम मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उन्हें ताकत देकर संगठन को गति प्रदान करें।

**आगामी चुनाव के लिए महिला मोर्चा मतदान केंद्रों पर कसे अपनी कमर आभा जैन-**भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं को ही पूर्ण सम्मान से देखा जाता है महिला मोर्चा जिले के सभी 26 मंडलों में संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए जिला एवं मंडल इकाइयों से पदाधिकारी आगे आकर काम करेंगे और महिला मतदाताओं के घर-घर में पहुंचकर भाजपा की विचारधारा केंद्र और राज्य सरकार की महिला हितैषी योजनाओं को दिलाने का कार्य हमारी मातृ शक्ति करेगी। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जो महिलाओं का संगठन है यह श्रीमंत कैलाशवासी विजय राजे राजमाता सिंधिया जी की देन है जिन्होंने अपने परिश्रम से इस वट वृक्ष को तैयार किया है प्रत्येक केंद्र पर महिला मोर्चा के बड वृक्ष को आगे बढ़ाने का काम हमारी मातृ शक्ति करेगी। बैठक मंचासीन अतिथियों ने मां भारती भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संगठन वटवृक्ष श्रीमंत राजमाता विजयराजे सिंधिया के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया संचालन जिला महामंत्री संगीता कौशल एवं आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष बबली तोमर द्वारा किया गया इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीमा शर्मा, जिला उपाध्यक्षों में गीता राजावत, विनीता सोनी, जिला मीडिया प्रभारी ज्योती बौहरे जिला मंत्रियों में सरोज जैन प्रतिमा सोनी, सुमन गुप्ता, व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरेश छारी, सुभाष मंडल अध्यक्ष प्रदीप भदौरिया टीपू तथा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष प्रमुख रूप से शामिल थीं।



## गोरमी वार्ड क्रमांक 8 का दो माह का रासन डकारने वालों भ्रष्टाचारों पर क्यों नहीं हो पा रही है कार्यवाही

संतोष सिंह भदौरिया

**गोरमी ।** सूत्रों के हवाले से बताया गया की गोरमी वार्ड क्रमांक 8 की जनता ने नगरपरिषद गोरमी का घेराव किया तव जाकर फूड इंस्पेक्टर राम तोमर ने लोगों की समस्या सुनी लेकिन सेल्समैन विधिराम कटारे व अतुल तोमर पर कार्रवाई के नाम पर व झूठा आश्वासन दिया द्य लेकिन कार्यवाही न होने के कारण मजबूर होकर गोरमी वार्ड न 8वासियो ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन देकर एसडीएम मेहगांव बरुणअवस्थी जी को अवगत कराया गया द्य ज्ञापन देने वाले राहुल सिंह का कहना है की अधिकारियों की मिली भगत और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण सेल्स मेन अतुल तोमर पर नहीं की गई कोई ठोस कार्रवाई गरीबी जनता की मसीहा बनने वाली सरकार व राजनेता कहां सो रहे कुंभकरण की नीद यह कहना है। आखिर वर्तमान सरकार गरीब जनता का निवाला लूटने वाले भ्रष्ट लोगों पर लगाम क्यों नहीं लगा पा रही है ।

## किसान गौरव रथ यात्रा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को अंतिम छोर तक के किसानों तक पहुंचाया जाएगा : देपुरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद बीडी शर्मा, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के नवाचार से मध्य प्रदेश के हर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के परिवारों में उत्साह की लहर जागृत हुई है जिन्होंने सत्ता और संगठन की ताकत के साथ प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि अनीति के तहत किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए जागरूक बनाया है यह उद्गार उन्होंने भिंड सर्किट हाउस पर आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किए जिसमें जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष सिंह मसूरी जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी विशेष रूप से शामिल थे। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भूमि सुपोषण अभियान का 9 दिसंबर 2022 को मुख्यमंत्री निवास में भव्य कार्यक्रम के बाद उद्घाटन होगा जिसके अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा पूरे प्रदेश में प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में किसान गौरव रथ संपूर्ण विधानसभा में भ्रमण कराया जाएगा, जिसके अंतर्गत स्थानीय किसानों को भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के द्वारा किसान कल्याण निधि, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, खेत सड़क योजना, अनुदान योजना इत्यादि के हितग्राही तक पहुंचेंगे साथ ही साथ प्रत्येक जिले में कराए गए जिला स्तरीय ऐतिहासिक कार्यों के वर्णन के साथ साथ, किसानों के मध्य प्राकृतिक खेती को लेकर जन जागरुकता का अभियान चलाया जाएगा, प्राकृतिक कृषि करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा साथ ही प्राकृतिक कृषि करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से कृषि प्रधान देश रहा है जहां हम अपनी विकसित परम्परा से जल , जंगल , जमीन , जानवर सभी के संतुलन के साथ कृषि को उन्नत बनाये रखे । परंतु आजादी के बाद कांग्रेस की सरकारों ने विदेशीकरण करते हुए कृषि व किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया । परिणाम स्वरूप हम स्वास्थ्य वर्धक अनाज , सब्जी , दूध से दूर होते गये । हमने बिना किसी नीति के कारण प्राक्रतिक खेती से दूरी बना ली । योजनाओं , नवाचार की कमी के कारण अत्यधिक रासायनिक खाद का उपयोग प्रारंभ कर दिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों को नई - नई योजनाओं के माध्यम से सीधा लाभ दिया जा रहा है । मध्यप्रदेश ने 7 बार कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किया । जो कभी इससे पहले सोचा भी नहीं था । स्वामी नाथन आयोग की सिफारिशों से भी अधिक लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को दिया जा रहा है । प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना इस योजना के अंतर्गत गांवों में रहने वाले लोगों को उनके घरों के अधिकार का रिकार्ड और प्रॉपर्टी कार्ड जारी करना है , जिससे वह लोन लेने व दूसरे वित्तीय लाभ के लिए फाइनेंशियल एसेट के तौर पर इस्तेमाल कर सकते है । इससे उनको वित्तीय तौर पर स्थिरता देने में भी मदद मिलेगी । इसके साथ योजना के सर्वे इन्फ्रास्ट्रक्चर और जीआईएस , मेप्स बनेंगे , जिसका इस्तेमाल कोई भी विभाग कर सकता है । इससे ग्राम पंचायत डवलपमेंट प्लॉन को तैयार करने में भी मदद मिलेगी । शून्य ब्याज पर ऋण - अल्पावधि फसल ऋण के लिए किसानों को शून्य ब्याज पर 23 हजार करोड़ रूपये का आवंटन मध्यप्रदेश सरकार ने किया । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में 47.62 लाख पात्र किसानों को 9286.20 करोड़ दावा राशि का भुगतान कराया गया । उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में देश में फसल क्षति की सबसे बड़ी सहायता राशि का वितरण कर राष्ट्रीय स्तर पर एक नया रिकार्ड बनाया । किसानों के 49 लाख फसल क्षति के दावों में 7.618 करोड़ रूपये की सहायता राशि उनके खातों में सिंगल क्लिक से जमा की गई । प्रदेश में प्राकृतिक खेती की दिशा में भी कार्य हो रहा है, भाजपा सरकार ने प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए प्राकृतिक कृषि बोर्ड का गठन किया है। एफ पी ओ के माध्यम से किसानों ने अपनी बीज उत्पादन कंपनियां बना ली हैं । अब फलोद्यान और उद्यानिकी पर भी किसानों का ध्यान देखने को मिल रहा ।

# विकासखंड अटेर में मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**अटेर (भिण्ड)।** विकासखंड अटेर में मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता बालक वर्ग कबड्डी में विजेता क्यारी पुरा उपविजेता आर बी एल टीम रही । बालिका वर्ग विजेता शासकीय हाई परा एवम उपविजेता शासकीय हाई परा खो-खो बालक वर्ग शासकीय हाई स्कूल परा विजेता एबम उपविजेता परा स्कूल रही बालिका वर्ग में शासकीय हाई स्कूल परा 9ह्लद्ध विजेता एवं उप विजेताशासकीय हाई स्कूल परा रही वॉलीबाल बालक वर्ग विजेता क्यारी पुरा उपविजेता जवासा रही छात्र एबं, कुश्त, एथलेटिक्स,आदि खेलो में भाग लिया और विजेता-उपविजेता रहे।



विशिष्ट अतिथि के रूप में अटेर सब इस्पेक्टर भारत सिंह सिकरवार ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें और जिले का नाम रोशन करे । खेल एवं युवा कल्याण विभाग अटेर के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हाईस्कूल परा में किया गया वॉलीबॉल, खो खो, फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स, खेल की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल शर्मा रहे एवम विशिष्ट अतिथि के रूप मे स्कूल के प्राचार्य उमेशसिंह करैया,रहे ब्लॉक कॉर्डिनेटर अटेर नीरज बघेल ने अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया अतिथियों द्वारा फाइनल मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उत्साहवर्धन किया कहा कि आप मन लगाकर खेलें अनुशासन में खेलो खेल से अब आपको बहुत फायदे हैं खेल से आपकी पहचान बनती है आप अच्छी जॉब पा सकते हैं और नाम कमा सकते हैं इसलिए मेहनत के साथ खेले और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें इस अबसर पर उपस्थित सभी युवा खिलाड़ियों विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन जिला खेल प्रशिक्षक संजय सिंह ने किया विशेष सहयोगी के रूप में, खो-खो एसोसिएशन के सचिव प्रमोद गुप्ता विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी बृजेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा,राजा मथुरिया,विष्णु त्रिपाठी ब्रजबाला यादव ,योगिता यादव,राजा मदुरिया,युवा समन्वयक लहार अनिल श्रीबास, साधना तोमर, स्कूल के समस्त स्टाफ आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## डॉली ने निरक्षरता से आजादी अभियान' पर बनाया चित्र

### कलेक्टर को सौंपी पेंटिंग

दैनिक पुष्पांजली टुडे






**मंडला ।** मंडला जिले में नवाचार के रूप में संचालित 'निरक्षरता से आजादी अभियान' से प्रेरित होकर छात्रा डॉली बंजारा ने प्रेरक तस्वीर बनाकर कलेक्टर हर्षिका सिंह को भेंट की है। डॉली निरक्षरता से आजादी अभियान के तहत जिले में किए गए कार्यों से बहुत प्रभावित है। अभियान के लीडर के रूप में कलेक्टर हर्षिका सिंह को भी उसने अपनी पेंटिंग में स्थान दिया है। डॉली बंजारा कन्या हायरसेकेंडरी स्कूल बम्हनी बंजर की कक्षा 11 में अध्ययनरत है। डॉली बंजारा ने बताया कि उसे बचपन से ही चित्रकला का शौक है। वह अपनी पढ़ाई के साथ-साथ चित्रकला के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती है। उसे मंडला जिले में संचालित निरक्षरता से आजादी अभियान के बारे में जानकारी मिली तो उसने एक प्रेरक तस्वीर बनाते हुए इस श्रेष्ठ कार्य में सहभागिता दी। डॉली ने 2 दर्जन से अधिक मनमोहक तस्वीरें बनाई है जिसका एलबम उसने कलेक्टर हर्षिका सिंह को दिखाते हुए जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कलेक्टर ने डॉली द्वारा बनाए गए इस पेंटिंग एलबम की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# स्कूल बंद, बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

पुष्पांजली टुडे संवाददाता
विशाल सिंह की रिपोर्ट

करेरा अमोला मौला क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा का माहौल बहुत ही खराब देखने को मिल रहा है हमारे मामा जी की माने तो मध्य प्रदेश की शिक्षा नंबर वन शिक्षा है लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही देखने को मिलती है यहां पर स्कूल खुलने का नाम ही नहीं लेते हैं यहां पर शिक्षकों की पूरी तरह से मनमानी चल रही है जब इनको पता चलता है कि कोई अधिकारी यहां पर आने वाला है उसी वक्त यह स्कूल को खोलते हैं जब इनको यह जानकारी मिली कि यहां पर कोई पत्रकार पहुंचा है तो उन्होंने पत्रकार के



साथ बदतमीजी की जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मामोनी कला मैं मजरा लेदाई के प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षकों के द्वारा पत्रकार के साथ बदतमीजी की गई शिक्षक का कहना कि तुम्हारे जैसे कई पत्रकार आमने-सामने होते रहते हैं क्या कर सकते हो दिखा दो हमें तुम जैसे पत्रकारों को हम रिश्वत खिलाते हैं इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया और पत्रकार के मोबाइल को हाथ से भी झपटा गया जिससे पत्रकार का मोबाइल नीचे गिर गया और टूट गया। इस संबंध में जब शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम इस पर कार्रवाई के आदेश देते हैं।

# ग्राम झरगांव तेतलपारा में बड़ी धूमधाम से निकाली गई जगत जननी महालक्ष्मी जी के भव्य कलश यात्रा

संवाददाता हेमचंद नागेश

**गरियाबंद।** जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव तेतलपारा में सार्वजनिक श्री श्री आज की इस कलश यात्रा में नव कन्या के द्वारा नौ कलश एवं साथ ही गांव के माताओं एवं बहनों ने कलश लेकर शामिल हुई कलश यात्रा संप्रदा मंडली



महालक्ष्मी पूजा उत्सव समिति तेतलपारा के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महालक्ष्मी पूजा उत्सव की कलश स्थापना कलश यात्रा एवं मूर्ति स्थापना छत्तीसगढ़ के कैटपदर के संप्रदा मंडली के साथ जल कलश यात्रा संध्या 4ः00 बजे किया गया एवं 5 बजे मां लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापना की गई के साथ जल कलश यात्रा किया गया द्य जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक श्री सत्यवान सिंह के द्वारा फीता काटकर कलश यात्रा को संपन्न किया गया। दिनांक 07/12/2022 व 08/12/2022 को रात्रि कालीन मनोरंजन हेतु कार्यक्रम भी रखी गई है और दिनांक 09/12/2022 को माता लक्ष्मी जी की मूर्ति विसर्जन किया जायेगा।

**जानिए किसी भी कार्यक्रम के पहले क्यों कलश यात्रा या कलश स्थापना की जाती है-**

कलश यात्रा में में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। कलश विश्व ब्रह्मांड का, विराट ब्रह्म का, भू-पिंड (ग्लोब) का प्रतीक है। इसे शांति और सृजन का संदेशवाहक कहा जाता है। संपूर्ण देवता कलशरूपी पिंड या ब्रह्मांड में व्यष्टि या समष्टि में एकसाथ समाए हुए हैं। वे एक हैं तथा एक ही शक्ति से सुसंबंधित हैं। बहुदेववाद वस्तुतः एक देववाद का ही एक रूप है। एक माध्यम में, एक ही केंद्र में समस्त देवताओं को देखने के लिए कलश की स्थापना की जाती है। कलश को सभी देव शक्तियों, तीर्थों आदि का संयुक्त प्रतीक मानकर उसे स्थापित एवं पूजित किया जाता है। वेदोक्त मंत्र के अनुसार कलश के मुख में विष्णु का निवास है, उसके कंठ में रुद्र तथा मूल में ब्रह्मा स्थित हैं। कलश के मध्य में सभी मातृशक्तियां निवास करती हैं। कलश में समस्त सागर, सप्तद्वीपों सहित पृथ्वी, गायत्री, सावित्री, शांतिकारक तत्व, चारों वेद, सभी देव, आदित्य देव, विश्वदेव, सभी पितृदेव एकसाथ निवास करते हैं। कलश की पूजा मात्र से एकसाथ सभी प्रसन्न होकर यज्ञ कर्म को सुचारुरूपेण संचालित करने की शक्ति प्रदान करते हैं और निर्विघ्नतया यज्ञ कर्म को समाप्त करवाकर प्रसन्नतापूर्वक आशीर्वाद देते हैं द्य कलश में पवित्र जल भरा रहता है। इसका मूल भाव यह है कि हमारा मन भी जल की तरह शीतल, स्वच?छ एवं निर्मल बना रहे। हमारे शरीररूपी पात्र हमेशा श्रद्धा, संवेदना, तरलता एवं सरलता से लबालब भरे रहें। इसमें क्रोध, मोह, ईर्ष्या, घृणा आदि की कुत्सित भावनाएं पनपने न पाएं। अगर पनपें भी तो जल की शीतलता से शांत होकर घुलकर निकल जाएं। कलश के ऊपर आम्रपत्र होता है जिसके ऊपर मिट्टी के पात्र में केसर से रंगा हुआ अक्षत (चावल) रहता है जिसका भाव यह होता है कि परमात्मा यहां अवतरित होकर हम अक्षत अथवा अविनाशी आत्माओं एवं पंचतत्व की प्रकृति को शुद्ध करें। दिव्यज्ञान को धारण करने वाली आत्मा आम्रपत्र (पल्लव) के समान हमेशा हरियाली (सुखमय) युक्त रहे। कलश में डाला जाने वाला दूर्वा-कुश, सुपारी, पुष्प इस भावना को दर्शाती है कि हमारी पात्रता में दूर्वा (दूब) के समान जीवनी-शक्ति, कुश जैसी प्रखरता, सुपारी के समान गुणयुक्त स्थिरता, फूल जैसा उल्लास एवं द्रव्य के समान सर्वग्राही गुण समाहित हो जाए। और इसी मधुर बेला में माताओं बहनों ने कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण



किया इस लक्ष्मी पूजा के आचार्य रहे श्री दुर्गाकांत दास वैष्णव , मुख्य कर्ता के रूप में श्री महेन्द्र कुमार नागेश व श्रीमती नीरोबाई नागेश अध्यक्ष श्री महेंद्र प्रताप ध्रुवा, उपाध्याय श्री रवि राम नागेश, कोषाध्यक्ष श्री अनूप पटेल, सचिव श्री योगेंद्र नागेश, सह सचिव महावीर पटेल, संचालक श्री जीवन लाल यादव, संचालक श्री लक्ष्मण नायक, भंडार रक्षक श्री मेनू राम पटेल, करन पटेल, डिंगर चक्रधारी, डोमार पटेल, भूषण ध्रुवा, देवेंद्र ध्रुवा, भुवन लाल नागेश, अनंतराम नागेश, देवोराम यादव, डालूराम बीसी, कुलेश्वर चक्रधारी, भजन राम यादव, सुकचंद नागेश, अमरू, बेतराम बीसी, दुखों राम मांझी, एवं समस्त पदाधिकारी एवं आयोजक सार्वजनिक श्री श्री महालक्ष्मी पूजा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी तेतलपारा।

# अपराधियों के लिये काल व जनता के दिलों पर राज करते है मुरैना एसपी आशुतोष बागरी

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**मुरैना।** एसपी आशुतोष बागरी के आने के बाद मुरैना में घटा अपराधों का ग्राफ चम्बल में अब्बल तेज तर्रार अधिकारियों में गिने जाने वाले पुलिस



अधीक्षक आशुतोष बागरी ने 01 फरबरी 2022 को मुरैना जिले की कमान संभाली थी कमान सभालने के बाद लूट डकैती और हत्या जैसे संगीन अपराधों में कमी आई है इसका परिणाम इस प्रकार है 1- भू माफिया बिरूध्द कारबाही 14 पर की गई जिसमे मुक्त जमीन 5 करोड बीस लाख की हुई 2- खनन माफिया कारबाही 122 पर हुई जिसमें 10 करोड 54 लाख इक्कीस हजार की राशि जप्त हुई 3- मिलाबट खोर माफिया कारबाही 44 पर हुई राशि 2674476 जप्त हुई 4- शराब माफिया 2872 प्रकरण दर्ज किये गये जिसमें आरोपी 2909 थे जिसमें 45 चार पहिया बाहन 18 दोपहिया वाहन राशि तेतीस करोड पचास लाख छह सौ सैतालीस की राशि जप्त की एसपी आशुतोष बागरी ने कुछ माह में ही मुरैना के सभी थाना प्रभारीयो से क्राइम मीटिंग में कहा अपराधों में फरार चल रहे इनामी बदमाशों को पकड़ने के निर्देश दिए थे इसके बाद पुलिस ने बदमाशों को



ब?ी संख्या में फरार अपराधियों के लिए धरपकड़ अभियान की सुरुआत की थी जिसमें कई इनामी बदमाशों को जेल की सलाखों में बंद करवाये थे इन बदमाशों ने सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि देश के तमाम राज्यों में अपराध किये थे , एसपी आशुतोष बागरी ने अपराधियों और बदमाशों के लिए जितने सख्त हैं , तो जनता के लिए उतने ही सहज और सरल भी है आमजन की समस्याओं का तत्काल मौके से ही संबंधित अफसरों को निर्देश देकर निराकरण करते है एसपी आशुतोष बागरी इससे पहले इन्दौर रहै है वहां भी जनता के दिलो पर राज करते आये है मुरैना में पदभार संभालने के बाद जिलों में एसपी आशुतोष बागरी की जनता के बीच अच्छी पकड है क्यो कि वे यहॉ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहै थे तभी भी संकट मोचन के नाम से जाने जाते थे पंचातत व नगरीय निकाय चुनाव में शान्ति प्रिय निश्पच्छ कराने में पैतालीस साल का रिकॉर्ड तोडा है जनता से वे सीधे बात करते हैं, और लोगों के संपर्क में भी रहते हैं एसपी आशुतोष बागरी ने जब से पदभार संभाला हे उसके बाद उन्होंने मुरैना जिले के सभी थाना प्रभारीयो को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए कि अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें व धरपकड़ शुरू हुई , जिसमें बड़े - बड़े इनामी बदमाशों को पकड़ कर जेल की चारदीवारीयो तक पहुंचाया गया उन्हौने कडे निर्देश देते हुऐ कहा है कि जमीन सम्बधी बिबादो को थाना प्रभारी स्वम जाकर देखे और निबटाये ठंड का सीजन चालू होगया पुलिस पैट्रोलिग सभी जगह करना सुनिश्चित करे अब माइक 1 व 2 आकस्मिक निरीक्षण करेगे लापरबाही बर्दास्त नही की जाबेगी, जिससे चंबल संभाग में बढ़ते अपराधों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगे।




## ग्राम सिंघवारी में किया महिलाओं को जागरूक

### ग्रसिम इंडस्ट्री विक्रमपुर मलानपुर के सहयोग से किया कार्यक्रम

फॅमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑड़ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा आज ग्राम सिंघवारी में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रतियोगिता किया जागरूक। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे उन्होने अपने उधवोदन में सभी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहने की अपील की साथ ही उन्होने मौसमी विमारियों से बचने के उपहाय भी बताये.. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ श्वेतस यादव उपस्थित थी उन्होने सभी को महिलाओ को महिला स्वास्थ्य पर जानकारी दी एबं उन्होने सभी को बहेतर परामर्श भी दिया। कार्यक्रम विशेष अथिति के रुप में क्षेत्रीय आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता श्रीमती कुसुमा उपस्थित थी उन्होने सभी शसकीय योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया.. कार्यक्रम की सफल बनने में पैरामेडिकल स्टूडेंट का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में छोटी बाई एबं मुकेश माथुर द्वारा सभी का आभारी व्यक्त किया।



## खनेताधाम पर महाकुंभ 30 जनवरी से

### चारो शंकराचार्य एक स्थान पर पहली बार

गोहद रघुनाथ जी मन्दिर ट्रस्ट के ट्रस्टी महामंडलेश्वर रामभूषण महाराज द्वारा विजयराम जी महाराज के 25वी वर्षी पर रजत जयंती के रूप में मनाया जाएगा रघुनाथ जी मन्दिर खनेता धाम पर पत्रकार वार्ता में महामंडलेश्वर रामभूषण दास जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म के महासम्मेलन का शुभारंभ30जनवरी से होगा तथा समापन 6फरवरी को होगा 9दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन2लाख श्रद्धालु उपस्थित होकर अध्यात्म की गंगा में डुबकी लगाएंगे यहाँ रोजना सभी के भोजन व आवास की व्यवस्था की जायेगी हिंदुस्तान में उज्जैन, नासिक ,प्रयागराज एव काशी में कुंभ का आयोजन किया जाता है लेकिन खनेता धाम में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसमे चारो शंकराचार्य उपस्थित होंगे यहाँ शंकराचार्य, रामानन्दाचार्य, निम्बरचार्य उपस्थित होंगे कार्यक्रम का शुभारंभ में 29जनवरी को शोभायात्रा निकाली जाएगी जो गोहद के बड़ा बाजार स्थित रघुनाथ जी के मन्दिर से आरम्भ होगी जो खनेताधाम आकर समापन होगा यहाँ108कुंडीय यज्ञ का भी आयोजन होगा इसके लिए 9मंजिल की यज्ञशाला का निर्माण किया जा रहा है 10दिसम्बर से यज्ञशाला का निर्माण शुरू होगा जो एक माह में पूरा होगा जिसे राजस्थान के कारीगरों द्वारा तैयार किया जाएगा उन्होंने कहा पूरे भारतवर्ष में यह प्रथम अवसर है जब चारो शंकराचार्य एक स्थान पर एकत्रित हुए हो वो शौभाग्य मिला है खनेताधाम की पावनभूमि को।

## चुनाव जीतने का आधार हमारा बूथ केंद्र हैः देवेंद्र सिंह

### जहां हम दूसरे नंबर पर रह रहे हैं वहां हमें अपने बूथ को मजबूत करना है, देवेंद्र सिंह नरवरिया, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न मतदाता सूची में समाज के नाम जुड़वा कर भाजपा की ताकत को करेंः धर्मेंद्र सिंह गुर्जर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि मिशन 2023 विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव को मद्दे नजर रखते हुए हम अपने अपने बूथ केंद्रों को मजबूती देते हुए भाजपा की सुनामी को तूफान में बदलकर सत्ता और संगठन की ताकत को आगे बढ़ाने का कार्य करें । पं. दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संगठन विस्तार के लिए सबसे पहले उन्होंने अपने परिश्रम से गांव गांव की चौपालों पर जाकर बूथ केंद्र को मजबूत बनाने का कार्य किया था । पार्टी का संगठन विस्तार धीरे-धीरे आगे मजबूत होता गया आज हम सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में बैठे हैं . कार्यकर्ता ही हमारी मुख्य पहचान है जब कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेगा तो निश्चित ही हमें सफलता प्राप्त होगी द्य यह बात उन्होंने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक को गणेश होटल में संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मजबूत करने के लिए गांव व शहरी अंचल में हमने बूथ को आधार बनाने के लिए हम सबको काम करना है जिससे सर्वाधिक मतों से हमारा बूथ केंद्र जीते और हमारी ताकत मजबूत बने कार्यकर्ताओं को यह चाहिए कि अपने बूथ पर स्थानीय समिति के साथ बैठकर दूसरे नंबर पर और तीसरे नंबर पर हम किस कारण पीछे रहे इस बात की हमें समीक्षा करना चाहिए जब लोगों के सुझाव सामने आएंगे और उसके आधार पर हम उस बूथ को एक नंबर पर लाकर खड़ा करें जिससे हमारी ताकत मजबूत होगी इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता अपने बूथ केंद्र को सर्वव्यापी सर्व स्पर्शी बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाए जिसकी हमें तैयारी अभी से ही करनी होगी तभी हम विधानसभा, लोकसभा, में जीत पाएंगे क्योंकि चुनाव




जीतने का आधार हमारा बूथ केंद्र है। जिला संगठन प्रभारी राजौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सेवा भाव से कार्य करते हुए बूथ केंद्र पर रहने वाले गरीब मजदूर और किसानों को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कोविड-19 कॉल दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया । वैक्सीनेशन अभियान में प्रत्येक बूथ केंद्र के परिवार ने शामिल होकर टीकाकरण में अपनी अहम भूमिका निभाई थी और इस महा लड़ाई को जीतने में कामयाब हुए यह हमारा बूथ केंद्र मजबूती का आधार बना। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि बूथ मेंटेनेंस के माध्यम से अंतिम छोर तक के गरीब से गरीब व्यक्ति तक शासन की योजना पहुंचाने का लक्ष्य सत्ता और संगठन का है जोकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव और अंत्योदय की विचारधारा है हमें सबसे पहले अपने बूथ को मजबूती देने के लिए वहां के स्थानीय समिति के साथ बैठकर समीक्षा कर उसको एक नंबर लाने की पूरी कोशिश करें ताकि हमारा अधिकृत प्रत्याशी प्रचंड बहुमत के साथ उसको जीते। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चंबल संभाग के प्रभारी सुशील वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के तहत चुनाव भी प्रबंधन को दृष्टिकोण रखते हुए बूथ केंद्र को आधार बनाया और कहा कि हमारा मुख्य काम है जिस पर हमने विजय प्राप्त कर ली तो चुनाव पर विजय प्राप्त करेंगे । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ पर कार्यकर्ताओं को समझाइश दी कि स्थानीय समिति और हमारा बूथ केंद्र मजबूत बने इसके लिए कार्यकर्ता कार्य करें हम वही भाव और संकल्प को लेकर अपने अपने बूथ केंद्र पर चुनाव प्रबंधन के लिए अपना ध्यान आकर्षित करें और हमारी ताकत हो बूथ के अंदर पर बढ़ाया जाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के साथ कांग्रेस ने हमेशा धोखा किया उनके वोट बैंक को समझकर राजनीति करते रहे भारतीय जनता पार्टी ने समाज को पूर्ण सम्मान देकर उन्हें नेतृत्व प्रदान किया है आज हमारे पिछड़ा वर्ग समाज के लोग सत्ता और संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर बैठकर समाज को गौरवान्वित करने का काम कर रहे हैं हम सब अपने अपने केंद्र को ताकतवर बनाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करें और पिछड़ा वर्ग समाज के बीच बैठकर विकास योजनाओं को उन तक पहुंचाने का काम मोर्चा के कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी के साथ पूरा होगा। बैठक में जिला कार्यालय प्रभारी एवं मोर्चा के जिला संगठन प्रभारी आरबी सिंह बघेल एडवोकेट, सत्यवान नरवरिया महामंत्री विजय सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष प्रदीप भदौरिया मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी,मंडल अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाह अध्यक्ष मालनपुर एवं समस्त जिला पदाधिकारी एवं मंडल से आए सभी अध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद थे।

## सिटी सिविल कोर्ट परिसर में कन्नड़ राज्योत्सव मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु।** वकील साहित्य संघ द्वारा सिटी सिविल कोर्ट परिसर में कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया ।इस आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महेंद्र मुणोत को सम्मानित करते हुए संघ के अध्यक्ष जयणा, प्रताप एम, नागराज एवं अन्य अधिवक्ता। मुणोत ने सभी को धन्यवाद दिया।



## मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी में

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



शिवपुरी। खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 8 दिसंबर को शिवपुरी में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 8 दिसंबर को दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस शिवपुरी आएंगी। दोपहर 1.30 बजे से स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगी। शाम 5.30 बजे ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी।

## अतिथि शिक्षक संघ ने मामा को सुनाया अपना दर्द, नियमितीकरण की योजना बनाने को लेकर दिया ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** बुधवार को विदिशा जिले की नटेरन तहसील में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अतिथि शिक्षक संघ के द्वारा नियमितीकरण की योजना बनाने को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हम दीन हीन स्कूली अतिथि शिक्षक बड़ी आशा से आपकी और देख रहे हैं, आपने सबको कुछ ना कुछ दिया है अतः हमको भी जरूर देंगे हम सभी अतिथि शिक्षक बहुत ही लगन और मेहनत से शासकीय विद्यालयों में विगत 14-15 वर्षों से अति अल्प मानदेय में सेवाएं दे रहे हैं आपने हमारे भविष्य में अच्छा करने के लिए कई बार कहा है परंतु आज दिनांक तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया एवं उन्होंने अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण की योजना को लेकर मांग की इस दौरान बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

**मजदूर जैसा जीवन व्यतीत कर रहे अतिथि शिक्षक-** शिक्षक बनकर कितने सपने पाले थे कि एक अच्छा परिवार हो बच्चे हो लेकिन शासन ने किस प्रकार पले सपनो पर शासन के द्वारा पानी फेरा गया है एक अतिथि षिक्षक जो अपनी सेवायें विगत कई वर्षो से शासकीय स्कूलो में सेवाये देकर राष्ट निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है लेकिन जब हम उसके परिवार के हालते स्थिति देखते हैं तब पता चला कि खुद को भूखा रखकर बच्चो का पालन कर रहा है व्यथित अतिथि षिक्षको ने अपनी वेदना जब अश्रुओ की धाराओ के साथ बखान की तो हृदय पिघल गया आज जिस स्थिति में अतिथि शिक्षक अपना जीवन व्यतीत कर रहा है वह मजदूर से भी बदतर स्थिति है।

**25 प्रतिशत आरक्षण तक सिमटा अनुभव**-वर्ष 2008 से लेकर अभी तक अल्प मानदेय में पूरे मध्यप्रदेश में अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं लेकिन अभी तक कोई भी ठोस नीति सरकार के द्वारा अतिथि शिक्षकों के हित में नहीं बनाई गई है हां इतना जरूर है कि मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अतिथि शिक्षकों को 25प्रतिशत आरक्षण देकर उनकी सीटें



सीमित कर दी गई है।

**हाईकोर्ट का आदेष भी नही आया परिपालन में**-विगत वर्ष में हाईकोर्ट के द्वारा भी अतिथि षिक्षको को गुरूजी की भांति लाभ देने की बात कही जा चुकी लेकिन अभी तक शासन के द्वारा उक्त आदेष को परिपालन में नही लाया गया है प्रदेश के मुखिया बच रहे फैसले से अतिथि षिक्षक संघ के द्वारा प्रदेष सरकार को ज्ञापन, धरना प्रदर्षन, भूख हड़ताल के माध्यम से अपनी परेषानियो से अवगत कराया जा चुका लेकिन प्रदेष मुखिया जो कि स्वयं को प्रदेष के समस्त यूवाओ व युवतियो को अपना भांजा बताते रहे है फिर क्यों मामा जी अतिथि षिक्षको के हित में निर्णय लेने से परहेज कर रहे है।

**विधायकों सहित शिक्षा मंत्री ने लिखा पत्र**-पिछले दिनों शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राज्य मंत्री रमेश चंद्र शर्मा एवं अनेक विधायकों के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चौहान को पत्र के माध्यम से नियमितीकरण की योजना बनाने हेतु आग्रह भी किया गया था जिसमें उन्होंने हरियाणा झारखंड छत्तीसगढ़ के राज्यों की भांति नीति बनाने की बात भी कही थी।

**शिक्षा के स्तर में किया सुधार**-अतिथि शिक्षको ही वह षिक्षक है जिसने स्वंय के बारे में न सोचकर देष के उस भविष्य के बारे में सोचा जिसके हाथो में देष की बागडोर होगी इसका अंदाजा तो इसी से लगाया जा सकता है कि हाईस्कूल से हायरसेंकण्डरी स्कूलो में तक अतिथि षिक्षको ने अपने प्रयास के बलबूते रिजल्ट के प्रतिषत में सुधार नही किया बल्कि उन प्रतिभाषाली छात्रो को अच्छे अंक दिलाकर मैरिट में लाकर खड कर दिया क्या अब भी उसकी योग्यता पर प्रष्न चिन्ह लग रहें फिर भी कुछ लोग कह रह रहे कि अतिथि शिक्षक प्रषिक्षित नही है इन्हे नियमित नही किया जा सकता है यह सही भी है कि इन्होने डीएड, बीएड जैसे प्रशिक्षण डिप्लोमा नही किया हो लेकिन दूसरी बात यह भी उतनी सटीक व सही है कि जमीन स्तर का प्रषिक्षण जितना इन्हे प्राप्त है उतना तो डीएड बीएड धारियो को भी नही है ।

**समय से नहीं मिलता वेतन-**

वहीं ऐसी समस्याओं से जूझ रहे अतिथि शिक्षकों को समय से वेतन भी नहीं मिलता है कभी-कभी तो वेतन 2 से 3 माह तक लेट हो जाता है ऐसी स्थिति में अतिथि शिक्षक अपने परिवार का पालन पोषण भी अपने संगी साथियों से कर्ज लेकर करता, फिर भी सरकार के द्वारा अभी तक कोई ठोस नीति इनके पक्ष में नहीं बनाई गई है।

**नियमितीकरण की नीति बनाए जाने पर मामा का करेंगे स्वागत** -अतिथि शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि हम सभी अतिथि शिक्षकों को मामा से बहुत आशा है और यदि मामाजी आगामी विधान सभा सत्र में हमारे संबंध में कोई ठोस नीति बनाते हैं तो हम सभी अतिथि शिक्षक मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री जी का स्वागत करेंगे साथ ही हम सभी अतिथि शिक्षक मिलकर उन्हें दोबारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे।

# पीछे छूटा हिजाब, ईरानी महिलाओं के संघर्ष की सफलता के पीछे की कहानी

ईरान में हिजाब के खिलाफ महिलाओं का संघर्ष आखिरकार रंग लाया। देश में मोरल पुलिसिंग को खत्म करने का फैसला हुआ। आखिर दो महीने तक चले इस संघर्ष ने लोकतंत्र और उसकी भावना में विश्वास रखने वाले लोगों को नया उत्साह दिया है। ईरान के हालात आगे क्या मोड़ लेते हैं, यह स्पष्ट होने में थोड़ा वक्त लगेगा। ईरान से आ रही ताजा खबरें लोकतांत्रिक भावनाओं में यकीन रखने वाले दुनिया भर के लोगों का उत्साह बढ़ाने वाली हैं। इन खबरों के मुताबिक वहां की नैतिकता पुलिस को भंग करने का फैसला हो गया है। हालांकि अटॉर्नी जनरल की तरफ से दिए गए इस आशय के वक्तव्य की न तो सरकार ने तत्काल आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है और न ही आंदोलनकारी फिलहाल इसे गंभीरता से लेने को तैयार हैं। ऐसा लगता है कि सरकार इस फैसले की आधिकारिक घोषणा से पहले यह देख लेना चाहती है कि इसका देश के लोगों पर अपेक्षित असर होगा या नहीं। दरअसल, हिजाब लादे जाने के खिलाफ शुरू हुआ और पिछले करीब दो महीने से जारी आंदोलन न केवल व्यापक रूप ले चुका है बल्कि इसकी मांगों का दायरा भी काफी फैल चुका है। सरकार के कामकाज से जुडे अन्य मुद्दे भी इसमें शामिल हो चुके हैं। संभवतः इसीलिए आंदोलनकारियों के नेतृत्व का एक हिस्सा कह रहा है कि सरकार के इन संकेतों का उसके लिए कोई खास मतलब नहीं है। जाहिर है, ईरान के हालात आगे क्या मोड़ लेते हैं, यह स्पष्ट होने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन जो कुछ हो चुका है, उसका लेखा-जोखा भी इतना तो बता ही देता है कि ईरान की बहादुर महिलाओं ने पूरी दुनिया के सामने संघर्ष की एक नई मिसाल पेश कर दी है।

दो महीने पहले हिजाब कानून का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार की गई महसा अमीनी की कथित तौर पर पुलिस प्रताड़ना के चलते हुई मौत के बाद जिस तरह से महिलाएं सड़कों पर आई और हिजाब के खिलाफ अहिंसक तरीकों से विरोध किया, वह वाकई काबिले तारीफ है। हालांकि यह बात सही है कि 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही ईरान में तरह-तरह की नैतिकता पुलिस अस्तित्व में आती रही है, और यह भी कि नैतिकता पुलिस भंग होने का मतलब इस कानून का खत्म होना नहीं है, फिर भी प्रगतिशील और लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में लड़ी जाने वाली लंबी लड़ाई की श्रृंखला में यह जीत एक अहम कड़ी जरूर मानी जाएगी। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि हिजाब ईरानी महिलाओं के लिए दोनों तरफ से मारक साबित हुई है। रजा शाह पहलवी के शासन काल का एक दौर वह भी था जब समाज को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से हिजाब को बैन कर दिया गया था। तब महिलाएं स्वेच्छा से भी सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब नहीं पहन सकती थीं। बाद में इसे पहनना अनिवार्य कर दिया गया। इन दोनों ही अतियों से जूझती ईरानी महिलाओं ने अपने कठिन संघर्ष की कामयाबी से बताया है कि लड़ाई हिजाब की नहीं बल्कि अपनी मर्जी को स्थापित करने की है। उनकी यह संघर्षगाथा निश्चित रूप से दुनिया भर की महिलाओं की ताकत बनेगी।

## ईरान ने देश के लिए मेडल लाने वाली पर्वतारोही का घर तोड़ा

ईरान में एक ऐसा मामला देखने को मिला है, जिससे यह साफ है कि हिजाब को लेकर की जाने वाली सख्ती कम नहीं हो रही है। ईरान में देश के लिए मेडल जीतने वाली पर्वतारोही एल्नाज रेकाबी के घर को ध्वस्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एक टूर्नामेंट में हिजाब ने पहनने के कारण उसका घर तोड़ा गया। ईरान ने बिना हिजाब के एक विदेशी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालीं एक ईरानी पर्वतारोही के पारिवारिक घर को ध्वस्त कर दिया है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, बिना तारीख वाले वीडियो में एल्नाज रेकाबी के ध्वस्त घर, जमीन पर प? पदकों और उसके एथलीट भाई को रोता हुआ दिखाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में रेकाबी और उसके भाई दाउद को कथित तौर पर उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वे दक्षिण कोरिया में टूनार्मेंट के बाद ईरान से लौटे थीं। इस टूनार्मेंट में उसने बिना हिजाब के हिस्सा लिया था। आरोप लग रहे हैं कि बिना हिजाब के हिस्सा लेने पर उनके घर को ध्वस्त किया गया। वहीं स्थानीय मीडिया का कहना है कि दक्षिण कोरिया में रेकाबी की उपस्थिति के खिलाफ बदले की कार्रवाई के रूप में विला (घर) को ध्वस्त नहीं किया गया था। तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, रेकाबी के प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले अधिकारियों ने उनके घर को ध्वस्त किया था क्योंकि रेकाबी के पास इसके निर्माण के लिए सही परमिट नहीं था। वहीं रेकाबी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक माफी वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि हिजाब गलती से गिर गया था। तेहरान के बाहर इमाम खुमैनी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद रेकाबी ने दोहराते हुए कहा कि यह सब अनजाने में हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, एक वीडियो में दिखाया गया है कि जब वह विदेशी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद ईरान के एक एयरपोर्ट पर पहुंची तो उनका स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी और प्रशंसकों ने तालियां बजाईं। राज्य मीडिया ने दिखाया कि वह काली बेसबॉल कैप और उसके बालों को ढकने वाली काली हुडी पहनी हुई थीं।

## गलत है चीन



अमेरिका के साथ चल रहे भारत के युद्धाभ्यास पर चीन ने आपत्ति जताई है। यह युद्धाभ्यास पहली बार नहीं हो रहा है, बल्कि यह इसका 18वां संस्करण है। चीन के इस आरोप पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन खुद ही इस समझौते का उल्लंघन कर रहा है। उत्तराखंड के औली में चल रहे भारत-अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास पर चीन ने जो आपत्ति जताई, उस पर भारत ने बिलकुल माकूल जवाब दिया है। अमेरिका के साथ भारत का युद्धाभ्यास पहले भी होता रहा है और यह वाला इसका 18वां संस्करण है। पिछला युद्धाभ्यास अक्टूबर 2021 में अमेरिका के अलास्का में हुआ था। तब तो चीन कुछ नहीं बोला था, मगर इस बार उसने आरोप लगाया कि भारत ने इसके जरिए 1993 और 1996 के समझौतों का उल्लंघन किया है। दरअसल दोनों देशों के बीच तब हुए इन समझौतों का मुख्य उद्देश्य विश्वास बढ़ाना था। इसके तहत नौ बिंदुओं पर सहमति बनी थी। तय हुआ था कि कोई पक्ष बल या सेना प्रयोग नहीं करेगा। 1996 वाले समझौते में यह भी तय हुआ था कि एलएसी के दो किलोमीटर के क्षेत्र में कोई फायर नहीं होगा, कोई आग नहीं लगाएगा, विस्फोट नहीं करेगा और ना ही खतरनाक रसायनों का उपयोग करेगा। एलएसी पर दोनों पक्ष सेना के इस्तेमाल की धमकी भी नहीं देंगे। इस समझौते की रोशनी में अगर गलवान से लेकर डोकलाम तक एलएसी के हालात देखें तो यह बात शीशे की तरह साफ है कि चीन खुद अपनी कही बात पर कायम नहीं है। इसीलिए चीन के इस आरोप पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन खुद ही इस समझौते का उल्लंघन कर रहा है। भारत ने इस मसले पर किसी तीसरे देश को वीटो नहीं दिया कि वो आकर इसमें दखल दे। दरअसल, वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते हुए कद और अमेरिका के प्रगाढ़ होते रिश्तों को लेकर चीन काफी असहज है। क्वॉड से लेकर जी-20 तक जिस तरह से भारत, अमेरिका सहित दुनिया के बड़े देशों के साथ मिलकर लीडरशिप की पोजिशन में आ रहा है, उससे चीन बेचैन हो उठा है। इसे लेकर वह अमेरिका को भी धमका रहा है कि वह भारत और चीन के रिश्तों में दखलंदाजी ना करे। मंगलवार को अमेरिका के पेंटागन ने अपनी सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पेंटागन का कहना है कि चीन चाहता है कि भारत अमेरिका के ज्यादा करीब ना जाए। चीन की तल्खी कितनी बढ़ चुकी है, इसका अंदाजा इसी रिपोर्ट से मिलता है। इसमें कहा है कि चीन ने हिंद महासागर के नजदीक अमेरिकी ड्रोन्स और सैटेलाइट को अंधा करने के लिए जमीन पर लेजर तक लगा दिए हैं। पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में एक और महत्वपूर्ण बात का जिक्र किया है कि एलएसी पर चीनी सेना ने 2021 में अपनी मौजूदगी बनाए रखी और वहां बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का काम जारी रखा है। भीषण सर्दी में भी पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने तैनात हैं। अच्छा होगा कि इस तरह के बेतुके बयान देने के बजाय चीन पूर्वी लद्दाख में गलवान से पहले की स्थिति में जाने की भारत की मांग मान ले।

# विस्तारा और एयर इंडिया का विलय फायदे की डील कैसे

टाटा संस और उसकी पार्टनर सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) के बीच एयर इंडिया और विस्तारा के विलय पर सहमति हो चुकी है। इस विलय के बाद देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन वजूद में आ जाएगी। इससे कंपनी को लागत घटाने में भी मदद मिल सकती है। लागत कम होने से भविष्य में एयर इंडिया के विस्तार में टाटा ग्रुप को मदद मिलेगी। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस और उसकी पार्टनर सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) के बीच एयर इंडिया और विस्तारा के विलय पर सहमति बन गई है, जिसकी पहले से आशा की जा रही थी। इस विलय के वित्त वर्ष 2024 में पूरा होने की आशा है और इसके बाद देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन वजूद में आएगी। एयर इंडिया और विस्तारा का विलय टाटा ग्रुप के साथ देश की एविएशन इंडस्ट्री के लिए भी अच्छी खबर है। टाटा ग्रुप के लिए अच्छी खबर इसलिए क्योंकि वह इससे एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनाने की उम्मीद कर रहा है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह बात कही भी। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों एयरलाइन कंपनियों के विलय से कस्टमर सर्विस में भी बेहतरी आएगी। इसका एक फायदा यह भी हो सकता है कि एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़े, जिससे यात्रियों को सस्ती सेवा मिलने की आशा की जा सकती है।




अभी इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी है। टाटा ग्रुप उम्मीद कर रहा होगा कि विलय के बाद इंडिगो को एयर इंडिया मजबूत टक्कर दे पाएगी। इसमें विलय की वजह से सिंगापुर एयरलाइंस की ओर से लगाई जाने वाली पूंजी से मदद मिलेगी। सिंगापुर एयरलाइंस, एयर इंडिया में 5,020 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एयर इंडिया इसका इस्तेमाल नए विमान खरीदने में कर सकती है। अभी कंपनी के पास जो विमान हैं, वे पुराने पड़ चुके हैं। खुद टाटा ग्रुप आसानी से पूंजी जुटा सकता है। इसका मतलब यह है कि एयर इंडिया को आधुनिक बनाने में पैसा आड़े नहीं आएगा। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि विलय के बाद एयर इंडिया की मुश्किलें खत्म हो जाएंगी। पहले यह पब्लिक सेक्टर की कंपनी थी, जैसा कि अक्सर ऐसी कंपनियों में होता है, इनमें कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है। हो सकता है कि विलय के बाद एयर इंडिया का ऑर्गनाइजेशनल स्ट्रक्चर बेहतर हो और इससे कंपनी को लागत घटाने में भी मदद मिल सकती है। एविएशन बहुत चुनौतीपूर्ण इंडस्ट्री है। ऐसे में लागत कम होने से भविष्य में एयर इंडिया के विस्तार में टाटा ग्रुप को मदद मिलेगी। दुनिया के दूसरे देशों का सबक भी बताता है कि एविएशन इंडस्ट्री में संख्या कम होने से कंपनियों के लिए कारोबारी मौके बेहतर होते हैं। भारत में पहले किंगफिशर और जेट एयरवेज जैसी कंपनियां दिवालिया होने की वजह से कारोबार से बाहर हो गई थी, जिनमें से जेट एयरवेज को फिर से रिवाइव करने की कोशिश हो रही है। इससे खासतौर पर इस क्षेत्र में बची हुई कंपनियों के लिए बेहतर मौका बना है। एयर इंडिया इसका लाभ लेने की कोशिश तो कर ही रही है, विस्तारा के साथ विलय के बाद वह विदेशी कंपनियों से भी बाजार छीनने की पहल कर सकती है।

## शी के खिलाफ नारे



चीन में कोविड नीतियों के चलते शी चिनफिंग की सरकार को अपनी ही जनता का विरोध झेलना पड़ रहा है। वहां के लोग इस पॉलिसी के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। राष्ट्रपति शी चिनफिंग के खिलाफ नारे लग रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि चीन की सरकार इस विरोध से कैसे निपटती है। चीन के तमाम बड़े शहरों में जिस तरह से लोग सरकार की जीरो-कोविड पॉलिसी के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं, उससे इस पॉलिसी के साथ-साथ चीनी नेतृत्व और वहां की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं। यह देखना होगा कि चीन सरकार विरोध की इस नई लहर से कैसे निपटती है, जबकि 1989 में थ्येनआन मन स्क्वेयर पर असंतुष्ट स्टूडेंट्स के जमावड़े से निपटने के लिए कम्युनिस्ट सरकार ने टैंक तैनात किए थे। तब हजारों स्टूडेंट्स मारे गए थे। इस बार भी मामला गंभीर है। जीरो कोविड पॉलिसी से चीनी नागरिकों में असंतोष की खबरें पहले से आ रही हैं। छिटपुट विरोध भी इस बीच होते रहे हैं। बावजूद इसके सरकार ने इस पॉलिसी में किसी तरह के बदलाव का कोई संकेत नहीं दिया। हालांकि दुनिया के अन्य देशों का इस महामारी से जूझने का अनुभव थोड़ा अलग है, जिसके परिणाम भी पॉजिटिव रहे हैं। पूरी दुनिया अब इससे उबरती दिख रही है। कतर में फुटबॉल वर्ल्डकप में बहुत कम लोग मास्क में दिख रहे हैं। भारत में तो रोजाना नए केसों की संख्या 500-600 के आसपास आ गई है, लेकिन जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों में जहां रोजाना के केसों की संख्या 25-30 हजार के बीच है, वहां भी इसका हौवा नहीं बनाया जा रहा। नतीजा यह कि वहां जनजीवन सामान्य हुआ और लोग कोरोना के साथ जीना सीख रहे हैं। लेकिन चीन में शी चिनफिंग सरकार ने जीरो कोविड पॉलिसी को अपनी नाक का सवाल बना लिया है। पिछले दिनों हुए महत्वपूर्ण पार्टी कांग्रेस में भी राष्ट्रपति ने इस पॉलिसी के कसीदे पढ़े। वैसे यह बात सही है कि चीन में कोरोना से मौत की संख्या कम रही है। जहां अमेरिका जैसे देशों में लाखों लोग मारे गए, वहां चीन में इससे मरने वालों की संख्या 5200 ही बताई जाती है। लेकिन सच यह भी है कि वायरस का जोर वहां कम नहीं हुआ है, बल्कि नए केसों की संख्या रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई है। साफ है कि एक तो चीन में नैचरल इम्यूनिटी डिवेलप नहीं हुई और दूसरे लगातार लॉकडाउन ने इकॉनमिक ग्रोथ पर बुरा असर डाला। आईएमएफ ने 2023 की चीन की विकास दर 4.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है, जबकि पिछले चार दशकों में उसकी औसत ग्रोथ 10 फीसदी रही है। ध्यान रहे, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अपनी मजबूती का एक बड़ा आधार तेज ग्रोथ को मानती आई है। उसकी यह सोच रही है कि लोग समृद्ध होंगे तो लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग नहीं करेंगे। लेकिन अभी जो प्रदर्शन हो रहे हैं, उसमें कम्युनिस्ट पार्टी और उसके मौजूदा नेता शी चिनफिंग दोनों को सत्ता से हटाने की मांग उनकी जबान पर आ गई है। यह बात इसलिए खास अर्थ रखती है कि शी को कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास में सर्वाधिक शक्तिशाली नेताओं में शामिल किया जाता है।

# तालमेल से ही खुलेगी राह

भारत ने बीते शनिवार अपना संविधान दिवस मनाया। इस मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा देश के कानून मंत्री किरण रिजिजू और कई महत्वपूर्ण लोग मौजूद रहे। संविधान दिवस के मौके पर शनिवार को जिस तरह से कार्यपालिका और न्यायपालिका के अहम सदस्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा दोहराते हुए आपसी तालमेल के साथ आगे बढ़ने की जरूरत बताई, वह सिर्फ औपचारिकता नहीं थी। प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और कानून मंत्री समेत कई अन्य महत्वपूर्ण लोगों की मौजूदगी में संवैधानिक मूल्यों की सर्वोच्चता रेखांकित करते हुए जिस तरह से शासन के दोनों अंगों के बीच सामंजस्य बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया गया, वह परोक्ष रूप से इसे लेकर सुधार की ओर संकेत करता है। देश के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने लोगों के न्यायपालिका तक आने का इंतजार करने के बजाय न्यायपालिका के लोगों तक पहुंचने की बात तो कही ही, अपने कार्यों, फैसलों पर विचार करने और पूर्वाग्रहों पर सवाल उठाने की भी जरूरत बताई। एक दिन पहले ही उन्होंने इस बात पर बल दिया था कि केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट एक दूसरे में कमी देखते नहीं रह सकते। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बात पर खास जोर दिया कि उनके मुख्य न्यायाधीश समेत तमाम न्यायाधीशों से सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों संस्थाएं सहयोगपूर्ण ढंग से काम करना जारी रखेंगी। ध्यान रहे, कानून मंत्री पिछले कुछ समय से जजों की नियुक्ति के कलीजियम सिस्टम की कड़ी आलोचना करते रहे हैं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कलीजियम की ओर से की गई कुछ सिफारिशों को अभी तक मंजूर नहीं किया है, जिसे लेकर न्यायपालिका में थोड़ी असहजता है। एक दिन पहले ही एक अन्य कार्यक्रम में रिजिजू ने कहा कि कलीजियम सिस्टम में पारदर्शिता का अभाव है और यह संवैधानिक मूल्यों की कसौटियों पर खरा नहीं उतरता।

वैसे, कलीजियम सिस्टम की कई बिंदुओं पर काफी पहले से आलोचना होती रही है। ऐसे में केंद्र सरकार या कानून मंत्री की भी इस बारे में अपनी राय हो सकती है, लेकिन यह याद रखना होगा कि कोई भी सिस्टम त्रुटियों से पूरी तरह मुक्त नहीं होता। ऐसे में जब तक कलीजियम सिस्टम की जगह कोई अन्य बेहतर सिस्टम नहीं आ जाता, तब तक इसी से सर्वश्रेष्ठ संभव नतीजे लाने की कोशिश की जानी चाहिए। और कोई भी सिस्टम सही नतीजे तब तक नहीं दे सकता जब तक शासन के सभी महत्वपूर्ण अंग आपसी तालमेल और सामंजस्य के साथ इसे लागू करने का प्रयास न करें। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना महत्वपूर्ण है कि भारत का संविधान ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने देशवासियों से अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। यह एक ऐसा भाव है जो सही अर्थों में अपनाया जाए तो शासन के विभिन्न अंगों के बीच टकराव की स्थिति को आसानी से टाल सकता है। संविधान दिवस के मौके पर जिस तरह की समझदारी सभी पक्षों ने दिखाई है, उसी में आगे बढ़ने के सूत्र भी निहित हैं। देखना सिर्फ यह है कि विभिन्न पक्ष उस पर अमल करने में कितनी तत्परता दिखाते हैं।



# पुलिस लाईन ग्वालियर में ग्राम/नगर रक्षा समिति जिला ग्वालियर का एक दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर हुआ सम्पन्न





**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर आज पुलिस लाईन ग्वालियर के सामुदायिक भवन में ग्राम/नगर रक्षा समिति, जिला ग्वालियर का एक दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अति. पुलिस अधीक्षक शहर(दक्षिण) श्री मोती उर रहमान,भापुसे द्वारा किया गया। शिविर के प्रारम्भ में ग्राम/नगर रक्षा समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। प्रशिक्षण शिविर में ग्वालियर जिले के थाना क्षेत्रों से आये ग्राम व नगर रक्षा समिति के लगभग 350 सदस्य व कैप्टन एवं ट्रैफिक वार्डन सम्मिलित हुए।

आज प्रशिक्षण शिविर में अति. पुलिस अधीक्षक शहर(दक्षिण) श्री मोती उर रहमान,भापुसे ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर से ग्राम व नगर रक्षा समिति सदस्यों में निश्चित रूप से नवीन ऊर्जा का संचार होगा तथा सकारात्मक ऊर्जा से ही रक्षा समिति के सदस्य पुलिस का सहयोग करेंगे। इस अवसर पर उनके द्वारा ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्यों को परिचय पत्र, ड्यूटी का सामान जैकेट, कैप, डण्डा व सीटी वितरित किया गया। सम्मेलन में रक्षा समिति संयोजक संतोष राठौर एवं कम्युनिटी पुलिसिंग संयोजक डॉ. राजकुमार दत्ता ने जिला रक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों व सुझावों से उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर में रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन ग्वालियर श्री रणजीत सिंह द्वारा शिविर में उपस्थित ग्राम/नगर रक्षा समिति सदस्यों को पुलिस द्वारा उपयोग किये जा रहे हथियारों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए हथियारों को चलाने का प्रशिक्षण लिया गया। प्रशिक्षण में इंसास राइफल, एसएलआर राइफल, एके 47 एवं 9 एमएम पिस्टल को चलाने का प्रशिक्षण लिया गया। इसके अलावा ट्रैफिक ट्रेनर जितेन्द्र शर्मा के द्वारा यातायात के नियमों की जानकारी दी गई एवं सदस्यों को ड्यूटी के दौरान यातायात के नियमों का पालन कराने के संबंध में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम/नगर रक्षा समिति की महिला सदस्यों को पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''महिला हिंसा उन्मूलन'' जागरूकता अभियान के संबंध में भी जानकारी दी गई। उन्हे महिलाओं के अधिकारों व कानून से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर म.प्र. पुलिस की डायल 100 सेवा के संबंध में भी जानकारी दी गई। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह, सूबेदार रूमा नाड़, अजयप्रताप सिंह राजावत, अयूष मिश्रा तथा रक्षा समिति संयोजक संतोष राठौर एवं कम्युनिटी पुलिसिंग संयोजक डॉ. राजकुमार दत्ता, जय सिंह सेंगर, ध्रुवसिंह सिकरवार, आर.के.गुर्जर, प्रेमवती माहोर, पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी गण एवं ग्वालियर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों से आये ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आज अंतिम दिन

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**भोपाल।** मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि नाम जोड़ने, हटाने ,संशोधन और परिवर्तन के लिए आवेदन देने का मतदाताओं के पास सिर्फ आज का दिन शेष है इसके बाद आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इस शेष अवधि में सभी बीएलओ मतदान केंद्रों में कार्यालीन अवधि में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि जिन नागरिकों ने अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़वाया है, वे अपनी नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ को आवेदन देकर नाम जुड़वाने की कार्यवाही पूरी करें मतदाता ऑफलाइन और ऑनलाइन तरीके से आवेदन भी कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप, वोटर पोर्टल अथवा एनवीएसपी इन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। गत 9 नवंबर से शुरू हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण 9 दिसंबर से 26 दिसंबर तक किया जाएगा।




## 108 कुंडीय यज्ञ शाला का भूमिपूजन

### 30 जनवरी से 6 फरबरी तक होने बाले विशाल संत समागम कार्यक्रम



**भिण्ड।** जिले में एक बार फिर बहेगी ज्ञान की गंगा, खनेता धाम रघुनाथ मंदिर पर 30 जनवरी से 6 फरवरी तक होने वाले विशाल संत समागम में चारों पीठाधीश्वर शंकराचार्य, सभी रामानंदाचार्य, रामानुजाचार्य, सभी निंबार्काचार्य, द्वाराचार्य, बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री, कनकेश्वरी देवी के साथ-साथ कई और विद्वानों की वाणी से भगबत कथा लाभ लोगो को मिलेगा।

बुधवार को खनेता धाम में 30 जनवरी से 6 फरबरी तक होने बाले विशाल संत समागम कार्यक्रम के लिए आज दंदरौआ धाम महंत रामदास महाराज और खनेता धाम महंत राम भूषण दास महाराज द्वारा भूमि पूजन और ध्वजा रोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी दिनों होने वाले विशाल संत समागम कार्यक्रम में भागवत कथा का आयोजन, शतचंडी यज्ञ, 108 कुंडीय राम महायज्ञ और पधारे हुए विद्वानो द्वारा कथाओ वर्णन किया जायेगा, खनेता धाम महंत राम भूषण दास ने बताया कि देश में लगने वाले चारों कुंभ के बाद प्रदेश का पहला एकमात्र स्थान खनेता धाम है जहां पर देश भर की धर्म विभूतियां एक मंच पर एकत्रित होंगी यहां जगन्नाथ पुरी के शंकराचार्य, गोवर्धन मठ शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद जी महाराज, जोशीमठ के शंकराचार्य वासुदेवानंद, भानुपुरा पीठ के शंकराचार्य ज्ञानानंद, प्रयागराज से ओंकारानंद शंकराचार्य सलेमाबाद से निंबार्काचार्य श्रीजी चित्रकूट कामदगिरि महाराज रामानंदाचार्य वल्लभाचार्य महाराज, अयोध्या से राम दिनेशाचार्य महाराज, वासुदेवानंद विद्या भास्कर, बागेश्वर धाम से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी, कनकेश्वरी देवी जी के साथ कई और संत पुरुष एक मंच पर एकत्रित होकर प्रवचन करेगे और यहां के लोगों को कथा श्रवण का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में प्रतिदिन 1 से लेकर 2 लाख तक श्रद्धालुओं की पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। महंत राम भूषण दास जी ने बताया कि लाखों की तादात में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गई है प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग भंडारा प्रसादी ग्रहण करेंगे, आपको बता दें इससे पहले 14 से 18 नवंबर तक दंदरौआ धाम में बागेश्वर धाम महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पांच दिवसीय हनुमंत कथा व दिव्य दरबार का आयोजन हुआ था जिसमें प्रतिदिन 3 लाख से 5 लाख श्रद्धालुओ ने कथा श्रवण का लाभ लिया था।

# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का किया पर्दाफाश

### उत्तरप्रदेश से दो व्यक्ति और एक स्थानीय था शामिल

भिण्ड। बुधवार को गोरमी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। बता दें कि गोरमी क्षेत्र के कचनाव कला के डार में ट्यूबेल के पास खार में हथियार का निर्माण कार्य चल रहा था। यह फैक्ट्री एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश के दो व्यक्तियों के साथ मिलकर चला रहे थे। पुलिस ने मुखबिर के बताये स्थान कचनाव कला के डार में ट्यूबेल के पास खार पर पहुँचे घेराबंदी की तो एक संदेही कचनाव कला में निवासी उत्तरप्रदेश मिला जिससे अवैध हथियार निर्माण के संबंध मे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि मैं और मेरे दो साथी जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले है तथा हथियार बनाने के कारीगर है हम तीनो लोग मिलकर ट्यूबल के पास दो खेत छोड़कर एक भरका नुमा खार में कट्टा अधिया बंदूक बनाते है मौके पर देखा हथियार बनाने का पूरा सामान एवं बने हुये कहे अधिया पठे है। उत्तर प्रदेश के दो व्यक्तियों के संबंध में पूछा तो उसके द्वारा बताया कि पुलिस को दूर से आते देखकर मौका पाकर भाग गये। तथा पुलिस अभिरक्षा मे लिये हुये व्यक्ति से पूछताछ कर उसके बताये घटना स्थल से हथियार बनाने वाली सामग्री जप्त की तथा उक्त व्यक्ति के कब्जे से बने हुये 315 बोर के 09 कट्टे तथा 12 बोर की एक अधिया तथा अन्य सामग्री जप्त की। बताया जा रहा है कि अवैध हथियार बनाने का कार्य कुछ दिनो से संचालित था। घटना स्थल से फरार हुये दोनो व्यक्ति काशगंज उत्तर प्रदेश के रहने वाले है जिनको कचनाव कला निवासी व्यक्ति ने हथियार बनाने के लिये बुलाया था तीनो व्यक्ति मिलकर विक्रय करने हेतु 315 बोर व 12 वोर के कट्टा व अधिया बना रहे थे। आरोपी को गिरफ्तार किया गया व अन्य दो फरार व्यक्तियो के संबंध मे पुछताछ की जा रही है।



**ये हथियार पुलिस ने किए जप्त**–पुलिस को उनके पास से 315 बोर के देशी कट्टा 09 नग, 12 बोर की अधिया 01 नग, 315 बोर के जिंदा राउण्ड नग 02, 315 बोर के खाली खोखा नग 11, 12 बोर के जिंदा राउण्ड नग 02, एक ड्रिल मशीन छेद करने वाली लाल रंग की जिसके 05 वर्मा अलग से है, दो शिकजा मशीन एक लाल रंग की नीले रंग की, हवा देने वाली मशीन 02, तीन लोहे के हथोड़े जिनमें लकड़ी के बेट लगे हैं, एक बसूला लोहे का जिसमे लकड़ी का बेट लगा है, पाईडर मशीन पुरानी लाल रंग की नग 01, लोहे की सारी नग 04, दो फल जिसने लकड़ी के बेट लगे हैं, एक आरी छोटी जिसमे नीले रंग की प्लास्टिक का बेट लगा है, दो पिलास जिसमे एक में लोग रंग का प्लास्टिक का कदर तथा दूसरे मे काले रंग की पत्नी (टेर) एक लोहे की नाल जिसकी लम्बाई 70 से.मी, एक लोहे की नाल जिसकी लम्बाई 80 से.मी. 18. एक लोहे की नाल जिसकी लम्बाई 23. से. मी. एक लोहे की नाल जिसकी लम्बाई 12 से.मी., काठ के बट लकड़ी के छोटे बड़े 04 नग, रेती जिसमे दो में लकड़ी के बेट लगे है, एक 10 किलोग्राम का बॉट, एक लोहे की चादर जिसकी लम्बाई 53 से. मी. तथा चौड़ाई 28 से.मी. है 24 एक लोहे की चद्दर दो जगह से कटी हुई जिसकी लम्बाई 25 से.मी. है, एक डाई मशीन मय हैण्ड के 26.05 रिच छोटे व मध्यम, 2709 स्प्रिंग लोहे की, 28.40 स्करू लोहे के, लोहे की कील 20 नग, 05 छेनी लोहे की, तीन रेती लोहे की जिसमे दो पर लकड़ी का बट लगा हुआ है, एक पेचकस, एक प्लास्टिक की बोरी जिसमे करीबन 02 कि.ग्रा. कोयला है, तीन लोहे की छोटी राड, एक गोला वाली छैनी लोहे की, 315 बोर की अधिया की नाल बरामद किए हैं। आरोपितों को पकडने में उनि. सुधाकर सिंह तोमर थाना प्रभारी गोरमी, सउनि देवेन्द्र सिंह भदौरिया, - प्रआर. 1007 कौशलेन्द्र सिंह, प्रआर. 295 मनीष सिंह, आर. 1141 शिवकुमार तोमर, आर. 785 पंकज शुक्ला, आर. 1209 विकास शर्मा, आर. 905 योगेन्द्र सिंह, आर. 319 सौरभ शर्मा, आर. 752 शिवकुमार तोमर, आर. 933 सुनील सिंह, म.आर. 1050 भारती तोमर, म.आर. 543 कुती तोमर, आदि शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के गृह प्रवेश एवं भूमि पूजन कार्यक्रम की सभी आवश्यक तयारियां सुनिश्चित की जाए



**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 8 दिसंबर को आयोजित होने वाले गृह प्रवेश एवं भूमि पूजन कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए निकायवार कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निकायों में योजना के तहत आवंटित राशि का सदुपयोग कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी पात्रों के घर की जियो टैगिंग कर उन्हें 8 दिसंबर को लाभान्वित किया जाएं।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने धान उपार्जन कार्य की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को धान खरीदी की सतत मॉनिटरिंग कर सुचारू रूप से खरीदी कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अभी तक 21193 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की गई हैं, जिसमें से 3049 किसानों से 32377 मीट्रिक टन की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 66.05 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया हैं। भुगतान एवं परिवहन की कार्यवाही सुचारू रूप से जारी है।बैठक में अपर कलेक्टर मनोज सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित रहें।

## प्राचीन शिव मंदिर पर जल निकासी की व्यवस्था के लिए राष्ट्रभक्त संगठन ने सौंपा ज्ञापन




जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोंईकलां में ददूनी रोड पर प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर (सोरती अंडा ) पर अनदेखी के चलते गर्भगृह में पानी की निकासी की व्यवस्था ना होने के कारण मंदिर में विराजित भगवान महादेव पानी में डूबे हुए जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यह स्थिति बाढ़ आई तब से ही बनी हुई है मंदिर के समीप से गुजरते नाले में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण यह जलभराव रहता है जिसे भगवान जलमग्न रहते हैं मंदिर की पूजा के लिए जो पुजारी नियुक्त किया हुआ है वह कभी-2 मंदिर को देखतने आता है यह प्राचीन शिव मंदिर पर क्षेत्र वासियों की आस्था जुड़ी हुई है गुप्तेश्वर महादेव मंदिर को सोरती के अंडा के नाम से भी जाना जाता है सोरती मेले का आयोजन यह हर वर्ष होता है और यह जिले का सबसे प्राचीन मंदिर है 1100 सौ वर्ष पुराना मंदिर है इस शिव मंदिर को रिकार्ड ग्वालियर गजेटियर में है यह मंदिर रियासतकाल में गौड़ राजाओं के अधीनस्थ रहा लेकिन वर्तमान यह मंदिर दुर्दशा का शिकार है इस संबंध में आज राष्ट्रभक्त युवा संगठन द्वारा श्योपुर एसडीएम लोकेंद्र सरल को मुलाकात करके एक मांग पत्र सौंपा जिसमें मंदिर की मरम्मत कार्य,जल निकासी का उचित प्रबंधन करने के लिए उनसे आग्रह किया जिसे उन्होंने सहस स्वीकार कर किया गया इस दौरान राष्ट्रभक्त युवा संगठन के जिला अध्यक्ष संजय मंगल,जिला कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु शर्मा सोनी, मनीष गौड़ सहित आदि उपस्थित थे।

# बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम योगी

होमगार्ड्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार होमगार्ड्स की बेहतरी के लिए लगातार काम




कर रही है। प्रदेश में लगभग 82 हजार होमगार्ड्स जवान हैं। राज्य मंत्री के निर्देश पर कृषि यंत्रों में सब्सिडी की धांधली की जांच के आदेश तो कर दिए गए लेकिन अफसर पूरे मामले को दबाने में जुटे हैं। एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट मांगी गई थी लेकिन करीब एक महीना बीत चुका है। चार टीमें मिलकर अब तक जांच पूरी नहीं कर पाई हैं। अनुपूरक बजट की चर्चा में मंगलवार को हिस्सा लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जल्द लखनऊ से नैमिष धाम तक की यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर की सुविधा शुरू होगी। आध्यात्मिक पर्यटन में प्रदेश की अपार संभावनाओं को धरातल पर उतारने की योजना का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि नैमिष धाम की वेद विज्ञान केंद्र की स्थापना होगी, अनुपूरक में उसके लिए धन की व्यवस्था की गई है।

रामपुर उपचुनाव में पुलिस पर वोट न डालने देने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को सदन में हंगामा किया। वेल में पहुंचकर सपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधानसभा अध्यक्ष ने सपा सदस्यों से सीट पर जाने का अनुरोध किया, लेकिन हंगामा बढ़ते देख उन्होंने दो बार में आधे घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की। अयोध्या के राम मंदिर का गर्भगृह अब आकार लेने लगा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंगलवार को मंदिर निर्माण की तस्वीरें जारी कीं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र के मुताबिक मंदिर के अष्टकोणीय गर्भगृह के सभी 8 स्तंभ 12फुट ऊंचाई तक बन गए हैं। स्तंभों की ऊंचाई 20 फुट तक पहुंचने के बाद छत डाली जाएगी।

# सिरफिरा युवक कॉल कर महिलाओं से करता है गंदी बात...इन्कार पर कभी पुलिस तो कभी ऐंबुलेंस भेज देता

**कानपुर।** कानपुर में एक परिवार अनजान कॉल से परेशान हो गया है। अनजान कॉल करने वाला युवक महिला से गंदी-गंदी बात करता है। युवक कहता है कि तुम मेरा पुराना प्यार हो, जब महिला इन्कार करती है तो उसके घर कभी ऐंबुलेंस तो कभई पुलिस पुलिस भेज देता है।

**अलग-अलग नंबर से सनकी युवक करता है कॉल**-कानपुर- यूपी के कानपुर से एक हैरान करने वाला मामला प्रकाश में आया है। कहते हैं कि प्यार में लोग फूलों के गुलदस्ते और मंहगे उपहार देते हैं, लेकिन कानपुर में एक तरफाप्यार में अंधे युवक ने फोन पर विवाहिता पर दोस्ती का दबाव बना रहा है। युवक कॉल कर विवाहिता से कहता है कि 'मुझसे प्यार करो' तुम मेरा पुराना प्यार हो। विवाहिता के इन्कार करने पर सिरफिरा युवक कभी डिलीवरी की बात कह कर घर पर ऐंबुलेंस भेज देता है तो कभी विवाहिता की सुसाइड की बात कहकर पुलिस भेज देता है। पीड़ित महिला ने सोमवार अपने ससुर के साथ कानपुर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड से मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई है। नौबस्ता थाना क्षेत्र में रहने वाले राजमिस्त्री के परिवार में दो बहू हैं। एक अंजान कॉल ने घर की सुख-शांति छीन ली है। राजमिस्त्री ने बताया कि बीते दो या तीन महीने से बहुओं के मोबाइल पर एक युवक अलग-अलग नंबरों से कॉल




करता है। युवक फोन पर बहुओं से गंदी बात करता है। बहुओं से दोस्ती और मिलने का दबाव बनाता है। धमकी देता है कि यदि मिलने नहीं आई तो तुम्हारे पति को मरवा दूंगा। बच्चे को स्कूल से उठवा लूंगा। जब बहुएं उसको फटकार लगाती हैं तो घर पर 108 ऐंबुलेंस तो कभी पुलिस भेज देता है।

**बेटे को स्कूल से उठवाने की धमकी देता है**-पी?िता ने बताया कि एक युवक मुझे और मेरे परिवार को कॉल करके परेशान कर रहा है। उसकी कॉल पहले मेरे पास आती थी। इसके बाद वो परिवार के सभी सदस्यों के पास कॉल करने लगा। युवक फोन पर गंदी बाते करता है और कहता है कि मैं तुम्हारा घर से बाहर निकलना बंद करा दूंगा। इसके साथ ही धमकी देता है कि तुम्हारा बच्चा जिस स्कूल में पड़ता है, वहां से उसे उठवा लूंगा। तुम्हारे पति का एक्सीडेंट कराकर जान से मरवा दूंगा। युवक कहता है कि तुम हमको अच्छी तहर से जानती हो। जब मैं तुम्हारे सामने आऊंगा तो गोली मार देंगे।

**पुलिस और ऐंबुलेंस भेजकर रहा प्रताड़ित**-महिला ने बताया कि सिरफिरे युवक ने कांशीराम हॉस्पिटल से ऐंबुलेंस भेज दी। ऐंबुलेंस चालक ने बताया था कि मुझे जानकारी मिली है कि इस पते पर एक महिला को डिलीवरी होनी है। उसकी हालत बहुत गंभीर है। जब ऐंबुलेंस चालक ने युवक को कॉल किया तो उसका फोन स्विच ऑफ जा रहा था। इसके बाद बीते रविवार को युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर बताया कि हमने सुसाइड कर लिया है। जिस पर पुलिस घर पहुंच गई, जब पुलिस को पता चला कि यहां पर किसी ने सुसाइड नहीं किया तो पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस ने आधार कार्ड में लगी फोटो से मेरा चेहरा मिलाया। इसके बाद उसे यकीन हुआ कि मैंने सुसाइड नहीं किया है। एडीसीपी अंकिता शर्मा के मुताबिक, एक महिला नौबस्ता की रहने वाली है। पीड़िता ने कानपुर पुलिस कमिश्नर को एक प्रार्थना पत्र दिया है। उसने बताया था कि एक शख्स फोन पर परेशान कर रहा है। इस मामले की जांच के लिए हमारी टीमें लगी हुई हैं। बहुत ही जल्द ही इस प्रकरण का खुलासा कर दिया जाएगा।

### लखीमपुर हिंसाः केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष समेत

# 14 पर चलेगा हत्या का केस, कोर्ट ने तय किए आरोप

### लखीमपुर कांड में आशीष मिश्रा पर चलेगा हत्या का केस,16 दिसंबर को कोर्ट में होगी सुनवाई, पेश किए जाएंगे सबूत

लखीमपुर खीरी- यूपी के लखीमपुर खीरी तिकुनिया कांड में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को बड़ा झटका लगा है। तिकुनिया कांड में एडीजे कोर्ट ने आशीष मिश्रा समेत 14 आरोपियों पर आरोप तय कर दिए हैं। अब इसके खिलाफ गवाहों की पेशी होगी और मामले में आगे सुनवाई चलेगी। 16 दिंसबर को अभियोजन पक्ष कोर्ट में सबूत पेश करेगा। इससे पहले सोमवार को कोर्ट ने आशीष मिश्रा समेत अन्य आरोपियों की खुद को बेगुनाह बताने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। साथ ही 6 दिसंबर को कोर्ट ने आरोप तय करने की तारीख मुकर्रर की थी। तिकुनिया में अक्टूबर 2021 में हुई हिंसा के मामले में मंगलवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा समेत 14 आरोपियों के खिलाफ लखीमपुर खीरी की अदालत में आरोप तय किए गए। जिला शासकीय अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि जिन अभियुक्तों पर आरोप तय हुए उनमें आशीष मिश्रा के साथ-साथ अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ काले, सत्यम उर्फ सत्य



प्रकाश त्रिपाठी, शेखर भारती, सुमित जायसवाल, आशीष पांडे, लवकुश राणा, शिशुपाल, उल्लास कुमार उर्फ मोहित त्रिवेदी, रिंकू राणा, वीरेंद्र शुक्ला और धर्मेंद्र बंजारा शामिल हैं।

**तिकुनिया मामले में 16 दिसंबर को होगी सुनवाई**-उन्होंने बताया कि वीरेंद्र शुक्ला पर भारतीय दंड विधान की धारा 201 के तहत आरोप तय किया गया है। बाकी अभियुक्तों पर भारतीय दंड विधान की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 326, 427 और 120 (ख) और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 के तहत आरोप तय किए गए। त्रिपाठी ने बताया कि इसके अलावा आशीष मिश्रा, अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, लतीफ काले और सुमित जायसवाल के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत भी आरोप तय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अदालत ने अभियोजन पक्ष से आगामी 16 दिसंबर को न्यायालय में सबूत पेश करने को कहा है। जानकारी के मुताबिक तीन अक्टूबर 2021 को निघासन क्षेत्र के तिकोनिया गांव में किसानों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को मुख्य अभियुक्त बनाया गया है।

# 10 रुपये खर्च कर इस बाइक से चलिए 150 किलोमीटर



**आजमगढ़।** पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम से लगभग हर वर्ग परेशान है। देश भर में इसका विकल्प तलाशने में लोग जुटे हुए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के एक युवक का अविष्कार आम लोगों को बड़ी राहत देने वाला है। यहां युवक ने ऐसी इलेक्ट्रिक बाइक तैयार कर दी है, जिसमें एक नहीं दो नहीं 6 लोग बैठकर सफर कर सकते हैं। साथ ही मात्र 10 रुपये के खर्च में इस नई इलेक्ट्रिक बाइक पर 150 किलोमीटर का सफर तय किया जा सकता है। इसकी स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह दावा आजमगढ़ के लोहरा फखरुद्दीन पुर गांव के असहद अब्दुल्ला का है। असहद अब्दुल्ला ने आईटीआई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग और बीसीए किया है। असहद ने केवल 12 हजार रुपये में कबाड़ की चीजों से इस 6 सीटर बाइक को तैयार किया है। इस 6 सीटर बाइक का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। तभी से बाइक और इसके अविष्कारक असहद अब्दुल्ला चर्चा में है। असहद ने बताया कि इस तरह के आविष्कारों की शौक बचपन से है। इससे पहले भी वह अपनी केटीएम बाइक को इलेक्ट्रिक बाइक में बदल चुके हैं। साथ ही छोटे-मोटे खिलौने से लेकर कई ऐसे उपयोगी सामानों का आविष्कार भी किया है। इलाके के लोगों का कहना है कि बड़ी खुशी होती है, जब कोई बच्चा कुछ अलग करता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम से निजात पाने के लिए यह सबसे सस्ता माध्यम है। इसे सरकार को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे कि इस तरह की चीजें समाज में लोगों के लिए उपयोगी हो सके। असहद अब्दुल्ला का यह भी कहना है की रजिस्ट्रेशन और पेटेंट की फॉर्मेलिटी को पूरा करने का भी प्रयास कर रहे हैं। ताकि आम जनता तक हमारा यह प्रयास आसानी से पहुंच सके और लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। इस तरह के अविष्कार वह जारी रखेंगे। साथ ही भविष्य में वह सोलर प्लेन और बहु उपयोगी गैजेट का वह आविष्कार भी करने की सोच रखते हैं।

# अरे हम अपनी पार्टी के दम पर बोलते हैं, सपा-वपा के चक्कर में नहीं रहते हैं



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही के दौरान आज सुभासपा पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और सपा नेताओं में जमकर तू-तू मैं-मैं हो गयी। सदन में राजभर बीजेपी सरकार पर अपने सवाल दाग रहे थे। उसी दौरान सपा नेताओं ने राजभर पर तंज कसा। इस पर राजभर ने अपने चिरपचित अंदाज में सपाइयों पर करारा पलटवार किया। राजभर ने कहा कि अरे हम अपनी पार्टी के दम पर बोलते हैं, सपा-वपा के चक्कर में नहीं रहते हैं। हम तोहरी पार्टी ज्वाइन कर लें क्या ये जो गिनती दिखाई दे रही है, इसमें ओम प्रकाश राजभर की बड़ी भूमिका है। राजभर के इतना बोलते ही सदन में ठहाके लगने लगे। इसके बाद सपाइयों ने राजभर के इस बयान पर हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिसपर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी को शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। बता दें, इससे पहले आज सदन में सपा के विधायक अतुल प्रधान पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल अतुल प्रधान पर शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन यानी आज सदन से फेसबुक लाइव करने का आरोप लगा है। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जाहिर करते हुए सपा विधायक अतुल प्रधान को सदन की कार्यवाही से एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया।

## छात्र संघ का चुनाव टालने के खिलाफ कोलकाता मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में प्रदर्शन

**कोलकाता।** कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में उस समय अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो गयी, जब जूनियर डॉक्टरों ने छात्र संघ के चुनाव स्थगित करने के राज्य के स्वास्थ्य विभाग के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन किया। अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) समेत कई सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। यह प्रदर्शन सोमवार शाम को शुरू हुआ था, जब डॉक्टरों ने तत्काल छात्र संघ का चुनाव कराए जाने की मांग करते हुए अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अंजन अधिकारी के कक्ष के बाहर धरना दिया। अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि वह प्राचार्य इंद्रनील बिस्वास समेत कई अन्य लोगों के साथ कम से कम 30 घंटे तक अपने कक्ष से बाहर नहीं निकल पाए। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह कॉलेज में सामान्य स्थिति बहाल करने में पुलिस की मदद नहीं मांगेंगे।

## कोलकाता पुलिस ने बंगालियों पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर परेश रावल को समन जारी किया

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने बंगालियों पर बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की हालिया टिप्पणियों को लेकर उन्हें मंगलवार को समन जारी किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 60 वर्षीय अभिनेता को गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान की गयी टिप्पणियों के संबंध में पूछताछ के लिए 12 दिसंबर को तालतला पुलिस थाने में तलब किया गया है। अधिकारी ने कहा, ''हमने 12 दिसंबर को उन्हें तालतला पुलिस थाने में पेश होने के लिए समन भेजा है। यह 'बंगालियों के लिए मछली पकाएंगे' टिप्पणी करने के संबंध में है। उनसे पूछताछ की जाएगी।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद रावल ने गुजरात में एक चुनाव रैली में कहा था, ''रसोई गैस सिलेंडर महंगे हैं, लेकिन उनकी कीमत कम हो जाएगी। लोगों को रोजगार भी मिल जाएगा, लेकिन क्या होगा अगर रोहिंग्या शरणार्थी और बांग्लादेशी आपके आसपास रहने लग जाएंगे जैसा कि दिल्ली में रहते हैं। आप रसोई गैस सिलेंडर का क्या करेंगे। बंगालियों के लिए मछली पकाएंगे।''हालांकि, रावल ने सोशल मीडिया पर आलोचना होने के बाद अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी।

## कुलपति को कार्यालय जाने से रोकने के लिए सड़क पर उनकी कार के आगे बैठे विश्वभारती के छात्र

**कोलकाता।** विश्व-भारती के कुलपति प्रोफेसर बिद्युत चक्रवर्ती को उनके कार्यालय पहुंचने से रोकने के लिए विश्वविद्यालय के छात्र मंगलवार को सड़क पर उनकी कार के आगे धरना देकर बैठ गए। प्रोफेसर चक्रवर्ती छात्रों के प्रदर्शन के कारण पिछले करीब एक पखवाड़े से आधिकारिक आवास में फंसे हुए हैं। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि कुलपति विश्वविद्यालय परिसर में ही बने अपने आवास से शाम को कार्यालय जाने के लिए निकलने ही वाले थे कि एक छात्रा सड़क पर उनकी कार के सामने धरना देकर बैठ गई। उन्होंने बताया कि वहीं दरवाजे के बाहर बैठे कुछ छात्र भी कुलपति की कार की ओर भागे और सड़क पर बैठ गए। सुरक्षा कर्मियों ने छात्र/छात्राओं को वहां से जाने के लिए समझाया और प्रोफेसर चक्रवर्ती अपने आवास पर लौट गए। प्रवक्ता ने बताया कि घटना के बाद तय किया गया कि कुलपति फिलहाल अपने आवास से ही काम करेंगे।

## यूपी में तैयार हो रही हैं गुजरात जैसी फैक्ट्रियां: सीएम योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यूपी के विकास मॉडल का जिक्र किया। सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा में शामिल होते हुए योगी ने प्रदेश में विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने यूपी में ईज ऑफ डूइंग का लक्ष्य रखते हुए कहा कि विकास की योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है। सीएम योगी ने यूपी में एक्सप्रेसवे, रोड कनेक्टिविटी, मेडिकल सुविधाएं, सफाई, कानून व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, डाटा सेंटर, डिफेंस कॉरिडोर की उपलब्धियां गिनाई। सीएम योगी ने सदन में बात रखते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में मल्टि नैशनल कंपनियां गुजरात के जैसी फैक्ट्रियां बना रही हैं। नोएडा में सैमसंग प्लांट, मथुरा में लेज़ की फैक्ट्री सेट हो रही। उत्तर प्रदेश 6 एक्सप्रेसवे वाला देश का पहला राज्य हो गया है। जहाज से सब्जियां एक्सपोर्ट की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। सीएम ने कहा, देश की अर्थव्यवस्था ब्रिटेन से भी बेहतर है। जी-20 का नेतृत्व करना देश के लिए गौरव की बात है। देश और दुनिया में यूपी की तारीफ हुई। पहले यह हाल था कि यूपी को बीमारू राज्य कहा जाता था। पिछले पांच सालों में उत्तर प्रदेश की स्थिति बदली है। 5 साल में 35 मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य है। यूपी के शहर अब साफ नजर आते हैं। प्रदेश के 8 जिले देश के टॉप 20 जिलों में शामिल हैं। उन्होंने कहा, 2024 तक 5 ट्रिलियन इकॉनमी का लक्ष्य है। ग्रामीण इलाकों में हर घर नल योजना है। 2017 तक यूपी में सिर्फ 2 एयरपोर्ट थे और अभी 9 एयरपोर्ट संचालित हैं। डिफेंस कॉरिडोर अब ब्रांड बन गया है। लखनऊ के कुकरैल में नाइट सफारी के लिए बजट तैयार किया गया। यूपी अब डेटा सेंटर का हब बन रहा है। औद्योगिक निवेश और रोजगार का माहौल तैयार हो रहा है। प्रयागराज में भव्य कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे।

# मेघालय विधानसभा चुनावों के यूडीपी ने जारी की 32 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट

**शिलांग।** मेघालय में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी ने सूची जारी कर दी है। यूडीपी को यहां के बड़े क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में से एक माना जाता है। इस सूची में यूडीपी ने अपने 32 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। इसमें तीन कैबिनेट मंत्री समेत सात मौजूदा विधायकों के नाम शामिल हैं। यूडीपी सुप्रीमो और विधानसभा अध्यक्ष मितबाह लिंगदोह ने कहा कि राज्य को एक मजबूत तथा स्वतंत्र राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है। लिंगदोह मैरंग निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। दरअसल मेघालय पूर्वोत्तर के उन तीन राज्यों में से एक है, जहां



अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने हैं।

**जिन तीन राज्यों में अगले साल होने हैं चुनाव**-मेघालय के साथ ही साथ नागालैंड और त्रिपुरा में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। माना जा रहा है कि अगले साल की शुरुआत में इसको लेकर घोषणा हो सकती है। भारत का चुनाव आयोग इन राज्यों में चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से कमर कस चुका है। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने मेघालय के साथ ही नागालैंड और त्रिपुरा के संबंधित मुख्य सचिवों को चुनाव में ड्यूटी के लिए उन अधिकारियों के ट्रांसफर किए जाने का निर्देश जारी किया है जो कि मौजूदा में अपने नागरिकों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। साथ ही पिछले 4 साल में एक ही जिले में 3 साल की सेवा पूरी कर चुके अधिकारियों को भी ट्रांसफर करने के लिए निर्देशित किया गया है। मेघालय और नागालैंड में विधानसभाओं का मौजूदा कार्यकाल 15 मार्च और 12 मार्च को समाप्त होगा। वहीं अगर त्रिपुरा की बात करें तो यहां सरकार का कार्यकाल 22 मार्च को समाप्त हो रहा है।

# उसने धमकी दी थी कि अगर मैंने उसे छोड़ा तो मेरे मां-बाप की जान ले लेगा, फ्लोरा सैनी ने सुनाई आपबीती






फ्लोरा सैनी ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनका लिव- इन पार्टनर उन्हें प्रताड़ित किया करता था। हद तो तब हुई जब एक्ट्रेस ने उसे छोड़ कर जाने की धमकी दी। जिसके बाद उसने फ्लोरा को मारने की कोशिश की और यहां तक धमकाया कि अगर वो उसे छोड़ कर गई तो वह उनके पेरेंट्स की जान ले लेगा। फ्लोरा सैनी ने मी टू मूवमेंट के दौरान अपने लिव- इन पार्टनर की घटिया करतूतों का जिक्र किया था। हाल ही में श्रद्धा वाकर और आफताब पूनावाला के दर्दनाक केस को देख एक्ट्रेस रो पड़ीं। लिव- इन रिलेशनशिप का ऐसा अंजाम देख एक्ट्रेस खुद को रोक नहीं पाईं। मीडिया के सामने फ्लोरा ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा, जब मेरे एक्स बॉयफ्रेंड (गौरंग दोशी) ने मुझसे अपने प्यार का सबूत देने के लिए कहा तब मैं उसके साथ लिव- इन रिलेशनशिप में आ गई थी। गौरांग तब इतने अच्छे दिखते थे कि मेरे पेरेंट्स को भी उनपर शक नहीं हुआ। फ्लोरा ने उन दर्दनाक दिनों को याद करते हुए कहा कि हमारे माता- पिता को गलत होने का एहसास हो जाता है। पहले वो आपको आपके परिवार से दूर करते हैं। फ्लोरा के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। गौरंग ने उनका फोन छीन लिया। एक्ट्रेस को समझ नहीं आ रहा था कि जिससे वो प्यार करती हैं वह अचानक ही उन्हें मारने- पीटने क्यों लगा। इतना ही नहीं जब एक्ट्रेस ने उन्हें छोड़ जाने की बात की तब गौरांग ने सारी हदें पार कर दीं। एक्ट्रेस ने बताया है, उसने मुझे धमकी दी कि अगर मैंने उसे छोड़ने की कोशिश की तो मेरे मां-बाप की जान ले लेगा। फ्लोरा सैनी ने साल 2007 के उस दर्दनाक रात का जिक्र करते हुए बताया, एक रात गौरांग ने मुझे इतना मारा था कि मेरे जबड़े टूट गए। उसने अपने पिता की तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि वो उनकी कसम खाकर कह रहा है कि आज उन्हें मार डालेगा। एक्ट्रेस ने बताया कि जैसे ही वो उस तस्वीर को रखने के लिए मुड़ा, उन्हें अपनी मां के शब्द सुनाई दिए। मां कहती थी- ऐसा कुछ भी तो बस भाग। मत सोचना कि कपड़े पहने या नहीं। पैसे हैं या नहीं। बस भाग। फ्लोरा ने आगे कहा कि वो भागकर अपने घर आ गई और दूबारा कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। बाद में एक्ट्रेस ने हिम्मत दिखाई। एक्ट्रेस पूरे परिवार के साथ पुलिस स्टेशन पहुंची। लेकिन तब पुलिस वाले ने उनकी शिकायत दर्ज करने के बजाय उनके एक्स पार्टनर को फोन लगा दिया। एक लंबी लड़ाई के बाद फ्लोरा का एफआईआर दर्ज दर्ज किया गया।

# शादी के बाद नई दुल्हन बनकर पति संग लौटीं हंसिका मोटवानी

हंसिका मोटवानी और सोहेल कथूरिया शादी के बंधन में बंधने के बाद मुंबई लौट आए। मंगलवार को उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। जब हंसिका और सोहेल से हनीमून के बारे में पूछा गया, तो वो शरमा गए। इसपर हंसिका का रिएक्शन देखने लायक था। फेमस साउथ एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी अपने बिजनेसमैन हसबैंड सोहेल कथूरिया के साथ राजस्थान में अपनी डेस्टिनेशन वेडिंग के दो दिन बाद मंगलवार को मुंबई लौट आईं। इंस्टाग्राम पर एक पपाराज़ी अकाउंट ने उनका वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कपल मुंबई एयरपोर्ट के गेट से हाथ पकड़कर बाहर निकले। वीडियो में जैसा कि पपाराज़ी ने कपल को बधाई दी, हंसिका ने उन्हें धन्यवाद दिया, तब सोहेल भी धीरे से मुस्कुराए। हनीमून प्लान के बारे में पूछे जाने पर हंसिका हंस पड़ीं। इस कपल ने पपाराजी के लिए तस्वीरें भी खिंचवाईं। जबकि सोहेल ने हंसिका को पकड़ रखा था, उन्होंने कैमरे के लिए उनके चारों ओर अपनी बाहें लपेट लीं। अपनी कार में जाने से पहले, उन्होंने पपाराज़ी को हाथ हिलाया। हंसिका ने पिंक एथनिक लुक चुना, जबकि सोहेल ने हल्के गुलाबी और सफेद ड्रेस और काले जूते में थे। इससे पहले हंसिका ने अपने इंस्टाग्राम पर सोहेल के साथ अपनी शादी की झलक दिखाते हुए कई तस्वीरें पोस्ट की थीं। पहली फोटो में वे आग के चारों ओर हाथ में हाथ डाले घूम रहे थे। सोहेल ने अगली तस्वीर में हंसिका के माथे पर सिंदूर लगाया। तीसरी तस्वीर में दोनों को मुस्कुराते हुए और हाथ पकड़े हुए दिखाया गया है। अपनी शादी के लिए हंसिका ने रेड और गोल्डन कलर का लहंगा पहना था। सोहेल ने क्रीम और गोल्डन एथनिक वियर चुना। हंसिका ने पोस्ट को कैप्शन दिया, अभी और हमेशा के लिए (रेड हार्ट इमोजी) 4.12.2022। मंदिरा बेदी, ईशा गुप्ता, श्रीया रेड्डी और करण टैकर सहित कई हस्तियों ने उन्हें बधाई दी।



# अर्जुन संग अपनी शादी और बच्चों की प्लानिंग कर रहीं मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा ने अपने नए शो में बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर के साथ फ्यूचर प्लानिंग पर चर्चा करने की बात कही। उन्होंने एक्स हसबैंड अरबाज खान से अलग होने और दोनों के अलग होने के बारे में भी बात की। अर्जुन संग रिश्ते पर मलाइका की बातें आपको हैरान कर सकती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने शो मूविंग इन विद मलाइका के पहले एपिसोड में बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर के साथ अपनी फ्यूचर प्लानिंग के बारे में बात की है। उन्होंने शो के साथ अपना ओटीटी डेब्यू किया, जिसका सोमवार को प्रीमियर हुआ। अर्जुन ने हाल ही में मलाइका के प्रेग्नेंट होने की खबरों को खारिज किया था। मूविंग इन विद मलाइका के पहले एपिसोड में फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान ने मलाइका से पूछा कि क्या वह अर्जुन कपूर से शादी करने और और बच्चे पैदा करने की योजना बना रही हैं। मलाइका ने कहा कि वह अर्जुन के साथ खुश हैं और उन्हें नहीं पता कि भविष्य में उनके लिए क्या रखा है। मलाइका ने पहले अरबाज खान से शादी की थी। दोनों अपने बेटे अरहान खान का मिलकर ध्यान रखते हैं। मलाइका ने फराह से कहा, हमने इस बारे में बात की है। आप अपने पार्टनर से ऐसी चीजों के बारे में बात करते हैं। मुझे लगता है कि मैं रिश्ते में एक बेहतर इंसान हूं। मैंने जो भी फैसला लिया है, क्योंकि मैं खुश रहना चाहती थी। आज जो इंसान



मेरी जिंदगी में है, वो मुझे खुश रखता है। मुझे परवाह नहीं है इसके बारे में दुनिया क्या सोचती है। उन्होंने एक्स हसबैंड अरबाज खान के बारे में भी बात की और खुलासा किया कि 18 साल की उनकी शादी में क्या गलत हुआ। उन्होंने कहा, मैं बहुत छोटी थी। मैं भी बदल गई। मैं जीवन में अलग चीजें चाहती थी और मुझे लगता है कि वास्तव में आज हम बेहतर लोग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दबंग (2010) की रिलीज तक उनके और अरबाज के बीच चीजें ठीक थीं। हालांकि, बाद में वे बहुत चिड़चिड़े लोग बन गए और अलग होने लगे। इससे पहले अर्जुन ने कॉफी विद करण में खुलासा किया था कि वह मलाइका के साथ घर बसाने के लिए तैयार नहीं हैं। इसपर उन्होंने कहा, इस लॉकडाउन और कोविड और जो कुछ भी हो रहा था, उसके दो साल हो गए हैं। मैं अपने करियर पर फोकस करना चाहता था। ऐसा नहीं है कि मुझे कुछ छिपाने की जरूरत है। मैं यहां बैठकर शर्मीला नहीं हूं। मैं वास्तव में प्रोफेशन से थोड़ी और स्थिर होना चाहूंगा। मैं आर्थिक रूप से बात नहीं कर रहा हूं, मैं भावनात्मक रूप से बात कर रहा हूं। मैं वह काम करना चाहूंगा जिससे मुझे खुशी मिले। क्योंकि अगर मैं खुश हूं, तो मैं अपने साथी को खुश कर सकता हूं, मैं एक खुशहाल जीवन जी सकता हूं। मुझे लगता है कि मेरे काम से मुझे बहुत खुशी मिलती है। अपनी मैनेजर एकता के साथ बातचीत में, जहां वह पूछती हैं कि क्या मलाइका एक्टिंग के डर के कारण किसी फिल्म की स्क्रिप्ट को टाल रही थीं, जिसपर मलाइका कहती हैं, मैं चकमा नहीं दे रही हूं ज मुझे बस यकीन नहीं है। ईमानदारी से एक्टिंग का डर नहीं है, बल्कि मुझे डायलॉग्स को बोलने में असुविधा महसूस होती है। लोगों के सामने खड़े होना और वास्तव में डायलॉग्स के साथ भावनाओं को लेकर सहज होना कुछ ऐसा है जिसे लेकर मैं हमेशा थोड़ी डरी हुई रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा नर्वस हो जाती हूं...इसलिए शायद मैं इससे दूर भागती हूं।

# राशन को लेकर अर्चना और टीना में भिड़ंत



बिग बॉस 16 के आज के एपिसोड में सबसे मजेदार रहा नॉमिनेशन का टास्क। इसमें घरवाले एक-दूसरे पर जमकर कीचड़ उछालते नजर आए। इसके अलावा, सबने सुम्बुल के साथ एक मजाक किया, जो बहुत मस्त था। घर में अब्दू रोजिक का भी एक नया रूप सामने आया। यह एक नया दिन है और यह कलर्स बिग बॉस 16 में कुछ नए और नए नाटक, झगड़े और हंसी का समय है। दिन की शुरुआत अर्चना गौतम, टीना दत्ता और सौंदर्या शर्मा के बीच झगड़े से होती है। यह लड़ाई इस बात को दिखाती है कि कुछ दोस्ती का टूट जाना ही बेहतर होता है। एक लंबे दिन की तनाव भरी शुरुआत के बाद चीजें शांत हो जाती हैं और घरवाले सुम्बुल के साथ एक शरारत करते हैं। बाद में अब्दू रोज़कि और एमसी स्टेन ने एक बातचीत की जिसमें अब्दु ने शिव ठाकरे में बदलाव पर अपना दुख जताया। दिन दिलचस्प और गहरा होता जाता है क्योंकि बिग बॉस नॉमिनेशन की घोषणा करते हैं, जिसमें एक डरावना मोड़ होता है जहां कप्तान अंकित को एक पावर भी मिलती है। बिग बॉस 16 के आज के एपिसोड में फिर से झगड़ा ही शुरू हुआ, जिसके बाद सबकी सुबह खराब हो गई। हुआ यूं कि अर्चना सुबह उठते ही बाहर आ गईं और अंकित से शिकायत करने लगीं कि हर कोई दूसरे रूम से राशन लेकर जा रहा है। इतने में उन्होंने टीना का नाम लिया कि उन्होंने ब्रेड लिया है और फिर घर मे हंगामा हो गया। जब टीना ने सौंदर्या को बोला कि उन्होंने भी कॉफी ली है, तो दोनों में लड़ाई शुरू हो गई और फिर टीना ने सौंदर्या से गुस्से में कहा कि वो अटेंशन की भूखी हैं। बिग बॉस के आज के एपिसोड में सुम्बुल के साथ एक प्रैंक भी हुआ, जो वो शुरू में नहीं समझ पाईं। जब निमृत, शिव और साजिद उनसे कह रहे थे कि उन्होंने इधर की बात उधर की है, तो सुम्बुल को समझ ही नहीं आ रहा था कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन बाद में पता चला कि वे सभी उनके साथ प्रैंक कर रहे थे। आगे घर में नॉमिनेशन का टास्क हुआ। इसमें घरवालों के सामने एक डायन को रखा गया यानी कि इस बार नॉमिनेशन काफी अलग तरीके से हुआ। इसमें घरवाले एक-एक करके आए और दूसरों को नॉमिनेट किया। इसमें सबसे मजेदार कारण था सुम्बुल का, जिन्होंने शालीन को काफी कुछ कहकर उन्हें नॉमिनेट किया और अंत में कहा कि अगर आप किसी के साथ कुछ ऐसा करते हैं तो सामने वाले का भी वक्त आता है।

# भाई की शादी में गांव पहुंची उर्वशी रौतेला

एक्ट्रेस और मॉडल उर्वशी रौतेला इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। अक्सर सुर्खियों में रहने वाली उर्वशी के विवादों का सिलसिला अभी थमा नहीं था कि उनकी कुछ खूबसूरत तस्वीरें वायरल होने लगीं। यह फोटोज उनके बुआ के बेटे की शादी का है, जिसमें शामिल होने के लिए वो अपने गांव पहुंची हुई हैं। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। कई सारे ब्यूटी पैजेंट्स जीत चुकीं उर्वशी की एक झलक फैंस को दीवाना बना देती है। उर्वशी अपने काम से ज्याद पर्शनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस और ऋषभ पंत की तकरार ने सोशल मीडिया में खुब सुर्खियां बटोरी। लेकिन अब इन सारे विवादों से अलग उर्वशी पहाड़ों में अपना समय बिता रही हैं। उत्तराखंड की उर्वशी, भाई की शादी के लिए अपने गांव सकमुंडा पहुंची हैं। सकमुंडा जाने से पहले वह सिद्धबली मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंची, जिसकी तस्वीर खुद उर्वशी ने शेयर की है। उर्वशी रौतेला के बुआ के बेटे की शादी



है। इस शादी में पूरा रौतेला परिवार शामिल होने के लिए उत्तराखंड पहुंचा है। हल्दी से लेकर शादी तक, एक्ट्रेस हर फंग्शन को भरपूर एंजॉय कर रही हैं। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही हैं। एक्ट्रेस के फैंस ने हल्दी सेरेमनी की वीडियो से लेकर उनके बाराती डांस तक, सभी वीडियोज को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। उर्वशी अपने भाई की शादी में रंग जमा रही हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने कजिन ब्रदर रितेश बिष्ठ के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। ग्रे लहंगा और हेवी ग्रीन ज्वेलरी ने उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा दिया है। एक्ट्रेस की ढेर सारी सेल्फी और कैंडिड तस्वीरें फैंस का दिल चुरा रही हैं। उर्वशी रौतेला के डांस के वीडियोज को खुब शेयर किया जा रहा है। इनमें से एक वीडियो बारात का है वहीं दूसरा रिसेप्शन पार्टी का है। नीले लहंगे में एक्ट्रेस में दूल्हा- दूल्हन संग पहाड़ी गाने पर जमकर ठुमके लगाए हैं। उर्वशी का यह अंदाज उनके चाहनेवालों ने पहली बार देखा है।

## एक नजर...

### स्मार्ट सिटी एवं अमृत परियोजना के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करें : कलेक्टर



**ग्वालियर।** शहर में स्मार्ट रोड़ के निर्माण के साथ-साथ शहर की अन्य सड़कों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सड़क निर्माण के दौरान अमृत योजना के तहत बिछाई गई लाईनों में लीकेज एवं क्षतिग्रस्त होने से निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्मार्ट सिटी एवं अमृत परियोजना के अधिकारी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य को निर्बाध गति से संचालित करें। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी एवं अमृत परियोजना से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर यह निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अमृत परियोजना से जुड़े अपर आयुक्त नगर निगम आर के श्रीवास्तव, रेसीडेंट इंजीनियर अर्जुन सिंह चौहान से अमृत योजना के तहत बिछाई गई लाइनों में हो रहे लीकेज एवं क्षतिग्रस्त के संबंध में विस्तार से चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम एच बी शर्मा भी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा राजपायगा सड़क निर्माण के कार्य के दौरान निरंतर अमृत की लाईन क्षतिग्रस्त होने से कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। अमृत परियोजना के अधिकारी स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लाइनों के संधारण का कार्य तेजी से करें। इसके साथ ही सड़क निर्माण के दौरान अमृत परियोजना से संबंधित इंजीनियर भी मौके पर उपस्थित रहकर अमृत की लाईनों के संबंध में स्मार्ट सिटी के इंजीनियरों को आवश्यक जानकारी व सहयोग प्रदान करें। कलेक्टर सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि शहर में जहाँ-जहाँ अमृत योजना के तहत सीवर एवं पानी की लाईनें डाली गई हैं उन स्थानों पर सड़कों के संधारण का कार्य भी पूरा करें ताकि आम जनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी कहा कि प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भी सड़कों के निर्माण के दौरान अमृत की लाइन क्षतिग्रस्त होने और कार्य बाधित होने पर दूरभाष पर निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारियों को बुलाकर कार्य निर्बाध गति से चले यह सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करें।

### कलेक्टर ने फीता काट किया निःशुल्क कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ



**ग्वालियर।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय विज्ञान कॉलेज चेतकपुरी ग्वालियर पर यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान एसडीएम युनुश कुरैशी, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार, संस्थापक सदस्य राजू सिंह कुशवाह, संयुक्त संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा सोनू प्रकाश, सहायक संचालक रामलखन मीणा, शिक्षक टीकासर बंसल, कुमारी किरण भारती, संतोष सिंह, बलराम प्रजापति, विष्णु योगी, महेंद्र हंसोरिया, कुमारी निशा लालावत, राजकुमार खड़ियार, अंकीत योगी, दुर्गेश कुमार बारी, कुमारी मनीषा सौर, चरत ललावत, भरत ललावत, अजय जाटव, राहुल माहौर और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि यह छोटी सी शुरुआत है जिसका भरपूर फायदा उठाए। कोचिंग संचालन के संबंध में सहायक संचालक रामलखन मीणा ने विस्तार से बताया है कि 10 दिसंबर से सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क कोचिंग क्लासेज पीरियड अनुसार संचालित होगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं आदर्श परिवार तथा आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर श्री परीक्षित भारती के सहयोग से यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की निःशुल्क कोचिंग क्लासेज 10 दिसंबर से श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय विज्ञान कालेज चेतकपुरी ग्वालियर पर नियमित रूप से शुरू की जा रही है।

# शहीदों की शहादत से स्वतंत्रता अखण्ड है: ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सपूत शहीद कैप्टन उपमन्यु सिंह के शहादत दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन शहीद कैप्टन उपमन्यु पार्क पर आयोजित किया गया, जिसमें देश के ख्यातिनाम कवि रविन्द्र शर्मा 'रविक्के नेतृत्व में साजन ग्वालियरी, पंकज अंगार, रामलखन शर्मा, ज्योति दोहरे एवं बाल कवियित्री मंत्रिता शर्मा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शहीद कैप्टन उपमन्यु सिंह स्मृति सेवा संस्थान के सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि 7 दिसंबर,2010 को सोपोर कश्मीर में आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए शहीद हुए कैप्टन उपमन्यु सिंह की शहादत को नमन करते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा उनके नाम पर कैप्टन उपमन्यु पार्क बनाया गया है। आपने कहा कि आज हम स्वतंत्र रूप से जो अपना कार्य कर पाते हैं, उसके लिए ईश्वर के बाद हमारी देश की सेना के जवानों का योगदान है, ऐसे देवतुल्य सैनिकों को मेरा नमन और प्रणाम है।

शहीद कैप्टन उपमन्यु सिंह की मां श्रीमती सुमन सिंह ने इस अवसर उपस्थित अतिथिगणों व देश प्रेमियों का कार्यक्रम में पधारने एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए आभार व्यक्त किया। महापौर-डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने इस अवसर पर कहा कि शहीद कैप्टन शहीद उपमन्यु सिंह जी के चरणों में अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। मैं उनकी माताश्री को भी नमन करती हूं कि उन्होंने देश का मान बढाने वाले ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया। ऐसे वीरों के त्याग और बलिदान से ही हमारा देश आज सुरक्षित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहीद कैप्टन शहीद उपमन्यु सिंह के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी मां के चरणों में नमन करता हूं। आज हम और आप जो स्वतंत्र भारत में बैठे हैं तो ऐसे शहीदों के त्याग और बलिदान के




लिए ही बैठे हैं। शहीदों की शहादत से ही स्वतंत्रता अखण्ड है। हम यदि शहादत को नमन और सम्मान करते रहेंगे तो आगे भी लोग शहादत के लिए तत्पर रहेंगे। शहीद कैप्टन उपमन्यु सिंह स्मृति सेवा संस्थान द्वारा शहीद को नमन और उनकी शहादत को जिंदा रखने के लिए हर वर्ष इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। कविगणों द्वारा निम्नानुसार अपनी काव्य रचनाओं से शहीद कैप्टन उपमन्यु सिंह को अपनी शब्दांजलि अर्पित की गई।

**रवींद्र रवि-**

वतन तेरी हिदादत में जो सुबहो शाम कर बैठे
जो मुस्तैदी से हाथों में तिरंगा थाम कर बैठे
झुकाता हूँ मैं अपना शीश उन वीरों के चरणों में
जो अपना जानो तन अपने वतन के नाम कर बैठे

**पंकज अंगार-**

सियासत की कलम से तू अपना मजमून लिखता है
बदल जाए जो वोटों में वही ड़ानून लिखता है
जुबाँ से अपनी जिसको तू बयाँ भी कर नहीं सकता
वो वन्दे मातरम सरहद पे मेरा खून लिखता है

**साजन ग्वालियरी-**

गीदड़ों की भीड़ बस शोर ही मचाती है
एक सिंह काड़ी है राजा कहलाने को
शोभा नहीं बढ़ती है नागफनी बोने से
एक पुष्प काड़ी है बगिया महकाने को

**रामलखन शर्मा-**

गँवायी जान है अपनी बचाया पर वतन अपना
लहू से सींच कर यारो सजाया ये चमन अपना
जिन्होंने खून से अपने नए इतिहास रच डाले
हमारे उन शहीदों को हमेशा है नमन अपना

**ज्योति दोहरे-**

कोई कहता है मेरे हाथ पर श्री राम लिख देना
कोई कहता है मेरी ओढ़नी पर श्याम लिख देना
मगर मैं राष्ट्रसेवक हूँ मैं कहती हूँ मरूँ जिस दिन
मेरे दमन पे मेरे देश का ही नाम लिख देना

**मन्त्रता शर्मा-**

मातृभूमि की रक्षा में जो अपने प्राण गँवाते हैं
वही वीर सैनिक मातृभूमि का रक्त तिलक कर जाते हैं

कार्यक्रम में कै. चंद्रभान सिंह चौहान, डॉ. जयवीर भारद्वाज सहित बृजेश भारती, उदयन सिंह, राजीव जैन, आशीष अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता, अभिषेक गोयल सन्नी, अंकुर अग्रवाल, संजय धवन, संजय अग्रवाल, जय गुप्ता, नरेन्द्र मंगल, मोहित वर्मा, नीरज जैन, संभव जैन, संतोष जैन, सुशांत सिंहल, आशुतोष मिश्रा, कमल जैन काके, दयाशंकर गुप्ता, मनीष दुबे आदि उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी द्वारा अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 7 दिसम्बर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया एवं अंत में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम निकिता मंडलोई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के अध्यक्ष सेवकराम ठाकरे एवं सचिव आई एस चौहान ने जानकारी में बताया कि म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल निर्देशानुसार पेंशनर्स साथियों द्वारा पुरे प्रदेश के 45 लाख पेंशनर अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष कर रहे हैं तथा 7 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे ने धरना प्रदर्शन स्थल में पहुंचकर अपना समर्थन दिया एवं ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान साथ रही। श्रीमती ज्योति उमरे ने धरना प्रदर्शन कर रहे पेंशनर्स साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की मांग जायज है, जिस प्रदेश शासन को गंभीरता से विचार करना चाहिए। आपने कहा कि जिस तरह से समय के साथ मंहगाई बढ़ रही, उम्र के साथ आवश्यकताएं बढ़ रही है, पेंशनर साथियों का दवाईयों का खर्चा बढ़ रहा है, प्रदेश सरकार बुजुर्गो के हित की बात करें एवं पेंशनरों की मांगों को पूरा करें।

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**-म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी द्वारा अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 7 दिसम्बर को अनुविभागीय अधिकारी निकिता मंडलोई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन सौपे जाने के दौरान जिलापंचायत सदस्य ज्योति ईश्वर उमरे, पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा के अध्यक्ष सेवकराम ठाकरे, उपाध्यक्ष श्रीधर श्रीखंडे, सचिव आईएस चौहान, बहेला शाखा अध्यक्ष जनाबाई कोसरकर, घनश्याम



वानखेड़े, डीवाई एडे, बीआर सोनवाने, एसएल पांडे, एमआर मुरकुटे, एनआर दहिकर, सीएल किरणापुरे, केएल मेहरबान, एफएल माहूले, देवेंद्र पांडेय, दशरथ सोमनकर, एमएल बसेना, विठोबा ब्राम्हपुरे, घनश्याम गेडाम, टेकचंद बिहोने, जीडी बेदरे, ओ एल रामटेक्कर, चमरूलाल नाईक, चंदूलाल आसटकर, नंदकिशोर दुरुगकर, रामाजी टेंभरे, गजलाल दमाहे सहित अनेक पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

**ज्ञापन में यह रही प्रमुख मांगे**-प्रदेश के 45 लाख पेंशनर अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष कर रहे हैं तथा आज 7 दिसम्बर को एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश की गई।

म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा अपनी 5 प्रमुख मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जो इस प्रकार है -

1 जब केन्द्र तथा अन्य प्रदेश उत्तर प्रदेश , राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में पेंशनर्स को 38 प्रतिशत की दर से मंहगाई राहत दी जा रही है परन्तु हमें केवल 28 प्रतिशत भुगतान हो रहा है । जब कि मंहगाई केन्द्र सहित सभी राज्यों में एक समान है । अतः मध्यप्रदेश राज्य के पेंशर्नस को भी 38 प्रतिशत की दर से महगाई राहत स्वीकृत की जाये ।

2 छत्तीसगढ़ राज्य एवं मध्यप्रदेश राज्य के बीच राज्य पुर्नगठन की धारा 49 ( 5 ) के कारण मध्यप्रदेश राज्य के पेशर्नस को महंगाई राहत स्वीकृत करने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य से सहमति प्राप्त करनी पड़ती है । यह व्यवस्था राज्य शासन द्वारा ही बनाई गई है । जबकि छत्तीसगढ़ शासन मध्यप्रदेश शासन से सहमति नहीं मागता है । अतः अनुरोध है कि यदि छत्तीसगढ़ की स्वीकृती लेना शासन अनिवार्य मानता है तो केन्द्र के समान महगाई राहत की स्वीकृती प्रदान कर कार्योत्तर स्वीकृति छत्तीसगढ़ राज्य से प्राप्त की जाये ।

3 मध्यप्रदेश पेशनर्स हेतु पेशन बीमा योजना शीघ्र लागू की जाये । इस हेतु मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लाजिस्टिक कारपोरेशन में लागू स्वास्थ्य बीमा योजना का अध्ययन किया जाये।

4 केन्द्र के अनुसार राज्य के पेंशनों में भी संशोधन कर परिवार पर भर अविवाहित / विधवा पुत्री को जीवन परिवार पेशन प्रदान की जाये ।

5 नियमित कर्मचारी की तरह पेशनर्स को भी 50,000 / - उपादान राशि ( एक्सग्रसिया ) प्रदान की जाये।



## वूमेन्स पावर संगठन ने सेवार्थ पाठशाला के बच्चों को बांटे स्वेटर

सेवार्थ पाठशाला की लाल टिपारा इकाई पर आज वूमैन्स पावर संगठन ने 55 बच्चों को गर्म स्वेटर का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि कमजोर और पिछड़े वर्ग के बच्चे इनके माता-पिता शिक्षा के प्रति उदासीन हैं उन बच्चों को श्री राम सुदेश जी राठौर श्री बलवीर सिंह जी नरवरिया श्री प्रताप जी नागर एवं प्रबंधक के रूप में श्री देव सिंह जी कुशवाहा तथा अन्य लोग मिलकर बच्चों के विविध पक्षों को शुद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर संगठन की दादी कारी श्रीमती अनुपमा मिश्रा संगठन के अन्य पदाधिकारी तथा पाठशाला के संयोजक श्री मनोज पांडे, कोषाध्यक्ष श्री मोहनलाल जी, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती आशा गौतम तथा बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## आईआईटी की तैयारी कर रहे 11वीं के छात्र ने किया सुसाइड, पिता की बंदूक से खुद को मारी गोली



**ग्वालियर।** ग्वालियर में 11वीं के छात्र ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर खुदकुशी कर ली. छात्र पढ़ने में काफी होशियार और आईआईटी की तैयारी कर रहा था. आत्महत्या की वजह फिलहाल अज्ञात बताई जा रही है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है. दरअसल ये मामला गोला का मंदिर थाना अंतर्गत आदर्श कॉलोनी इलाके का है. यहां रहने वाले धरमवीर गुर्जर के 17 वर्षीय बेटे राज ने पिता की लायसेंसी बन्दूक से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली. मृतक के भाई नरोत्तम के अनुसार राज पढ़ने में होशियार था, घर में भी कोई दिक्कत नहीं थी. वो आईआईटी की तैयारी कर रहा था. दो दिन पहले मां से लाइब्रेरी जाने की बात कह रहा था. घर में शादी है इसलिए मां ने शादी के बाद लाइब्रेरी जाने की बात कही थी.

**सुबह कर लिया सुसाइड**-भाई ने बताया कि आज सुबह तकरीबन साढ़े नौ बजे राज के कमरे से गोली चलने की आवाज सुनी. परिजन राज के कमरे में पहुंचे तो वह मृत अवस्था में खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था. घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी. पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है.

# तानसेन समारोह-2022: संगीतधानी ग्वालियर के साथ शिवपुरी, दतिया और बटेश्वर में भी होंगी सांगीतिक सभाएं

**ग्वालियर।** शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश और दुनियाँ के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह के इस बार अलग ही रंग होंगे। विश्व संगीत समागम तानसेन समारोह हर साल की तरह भव्यता के साथ तो आयोजित होगा ही, साथ ही इसमें नए आयाम भी जुड़ेंगे। संगीत शिरोमणि तानसेन की याद में आयोजित होने वाला शास्त्रीय संगीत का यह सालाना महोत्सव शताब्दी वर्ष की दहलीज के नड़दीक पहुँच चुका है। इस बात को ध्यान में रख कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप एवं संस्कृति मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर के निर्देशन में इस दफा समारोह का विस्तार किया जा रहा है। इस बार संगीत की नगरी ग्वालियर के साथ-साथ ग्वालियर-चंबल अंचल के ऐतिहासिक स्थलों को भी समारोह से जोड़ा गया है। ज्ञात हो इस बार तानसेन समारोह का 98 वां संस्करण है।

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग ने तानसेन समारोह के शताब्दी वर्ष के आयोजन को अविस्मरणीय बनाने के लिए अभी से तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। इसी उद्देश्य से इस साल से समारोह का विस्तार किया जा रहा है। इस साल के तानसेन समारोह के तहत गमक की पहली सभा 16 दिसम्बर को शिवपुरी में आयोजित होगी। इसके बाद 17 दिसंबर को दूसरी सभा दतिया में आयोजित की जाएगी। समारोह के तहत 22 दिसंबर को एक सभा मुरैना जिले के अंतर्गत ग्राम पड़ावली के समीप स्थित ऐतिहासिक स्थल बटेश्वर मंदिर प्रांगण में सजेगी। यह सभा शास्त्रीय संगीत की रहेगी।राज्य शासन




के संस्कृति विभाग के लिए जिला प्रशासन एवम नगर निगम ग्वालियर के सहयोग से उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवम कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल का यह प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन इस बार भी संगीतधानी ग्वालियर में 18 से 23 दिसंबर के बीच हजीरा स्थित संगीत सम्राट तानसेन के समाधि स्थल पर होने जा रहा है। सुरों के इस समागम में देश-विदेश के प्रतिष्ठित और ब्रम्हनाद के शीर्षस्थ साधक सुर सम्राट तानसेन की समाधि पर स्वरांजलि अर्पित करने आ रहे हैं।

**ग्वालियर में गमक 18 को, लोककला यात्रा भी निकलेगी**इस साल के तानसेन समारोह के तहत संगीत की नगरी ग्वालियर में 18 दिसंबर को शाम 7 बजे से हजीरा स्थित इंटक मैदान में पूर्वरंग ÷ गमक ÷ का आयोजन होगा। उप शास्त्रीय संगीत का यह आयोजन तानसेन समारोह का प्रमुख हिस्सा है। गमक की सभा शुरू होने से पहले शाम 5 बजे से गूजरी महल किलागेट से भव्य लोक कला यात्रा निकाली जाएगी। इसमें लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए आगे बड़ेंगे। यह यात्रा किला रोड व हजीरा होते हुए गमक आयोजन स्थल अर्थात इंटक मैदान पहुंचेगी।

**अलंकरण समारोह 19 दिसम्बर को-** तानसेन समारोह का औपचारिक शुभारंभ 19 दिसंबर को अलंकरण समारोह के साथ होगा। इस दिन सुबह सुर सम्राट तानसेन की समाधि पर शहनाई वादन, ढोलीबुआ महाराज की हरिकथा एवं मीलाद वाचन से समारोह का पारंपरिक शुभारंभ होगा। शाम को वर्ष 2021 का तानसेन अलंकरण प्रदान किया जाएगा। इसके बाद सांगीतिक सभाओं की शुरुआत होगी।

**इस बार 10 संगीत सभाएँ होंगीं**-तानसेन समारोह में इस बार 10 संगीत सभाएं होंगी। पहली सभा 19 दिसंबर की शाम को होगी। इसके बाद हर दिन प्रातः एवं सायंकालीन सभाएं होंगी। समारोह के तहत 22 दिसंबर को समानांतर सभा बटेश्वर में भी होगी, जो शास्त्रीय संगीत की रहेगी। 23 दिसंबर को प्रातःकालीन सभा तानसेन की जन्मस्थली बेहट में और शाम की अर्थात इस साल के समारोह की अंतिम संगीत सभा गूजरी महल के परिसर में सजेगी। अंतिम सभा महिला कलाकारों पर केंद्रित रहेगी। समारोह में विश्व संगीत की सभाएं भी होंगी। गमक और विश्व संगीत के कलाकारों के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

**वादी-संवादी एवं चित्रकला कार्यशाला**-समारोह के अंतर्गत राजा मान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में दो दिन 20 एवं 21 दिसंबर को वादी संवादी कार्यक्रम के तहत आमंत्रित कलाकार प्रदर्शन सह व्याख्यान देंगे। इसी तरह ललित कला संस्थान के कला विद्यार्थी तानसेन समारोह स्थल पर आयोजित वर्कशॉप में चित्र बनाएंगे। उधर कला वीथिका में भी कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

## नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान



**ग्वालियर।** नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडल द्वारा अंतर राष्टीय स्वयंसेवक दिवस पर स्वेच्छा से एकजुटता कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। गिरवाई में नंबरदार कृषि फार्म के पास हीरा भूमिया बड़े बाबा का मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं द्वारा पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में कृषि कल्याण समिति के अध्यक्ष नाहर सिंह कुशवाह व अरविंद कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नेहरू युवा केन्द्र से जुड़ युवा मंडल के स्वयंसेवक शामिल हुए।

Aadhar
Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS + CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478